# 3. प्राकृतिक एवं भौतिक स्वरूप

❑ राजस्थान को प्रमुख भौतिक विभागों में कितनी बार बाँट सकते है?

[EO & RO - 14.05.2023 (S - II)] [महिला पर्यवेक्षक परीक्षा (Non-TSP) - 29.11.2015]

(1) एक (2) चार (3) दो (4) छः

Ans. (2)

*व्याख्या* – *राजस्थान के भौगोलिक प्रदेशों का निर्धारण सर्वप्रथम* ***प्रो. वी.सी. मिश्रा*** *ने* ***'राजस्थान का भूगोल'*** *नामक पुस्तक में किया। इन्होंने राजस्थान को* ***सात भौगोलिक प्रदेशों*** *(****1. पश्चिमी शुष्क प्रदेश, 2.अर्द्ध-शुष्क प्रदेश, 3. नहरी प्रदेश, 4. अरावली प्रदेश, 5. पूर्वी कृषि-औद्योगिक प्रदेश, 6.दक्षिणी - पूर्वी कृषि प्रदेश, 7. चम्बल बीहड़ प्रदेश****) में विभक्त किया। 1968 में जलवायु के आधार पर राजस्थान को भौतिक प्रदेशों में बाँटने का* ***दूसरा प्रयास एस.के. सेन*** *(3 भागों में) तथा 1971 में* ***तीसरी बार डॉ. रामलोचन सिंह*** *ने किया। डॉ. रामलोचन सिंह ने राजस्थान को दो भागों (राजस्थान व राजस्थान पठार) तथा चार उपभागों (मरुस्थल, राजस्थान बांगर, अरावली पठार व चम्बल बेसिन) एवं 12 लघु प्रदेशों में विभाजित किया।* ***डॉ. हरिमोहन सक्सेना*** *ने 'राजस्थान का प्रादेशिक भूगोल' (1994) में राजस्थान को धरातल, जलवायु और नदी बेसिन के आधार पर निम्नांकित* ***4 भागों में विभाजित*** *किया है–*

**राजस्थान का भौतिक विभाजन (4) : एक दृष्टि में**

| | उत्तर-पश्चिम मरुस्थलीय प्रदेश | अरावली पर्वतीय प्रदेश | पूर्वी मैदान प्रदेश | दक्षिण-पूर्वी पठारी प्रदेश |
|---|---|---|---|---|
| समय | सबसे नवीन | सबसे प्राचीन | तीसरा प्राचीन | दूसरा प्राचीन |
| युग | प्लीस्टोसीन उत्तर | प्री-केम्ब्रियन | प्लीस्टोसीन प्रारम्भिक | क्रिटेशियस |
| क्षेत्रफल | 61.11% | 9.1% | 23.3% | 6.49% |
| जनसंख्या | 40 प्रतिशत | 10 प्रतिशत | 39 प्रतिशत | 11 प्रतिशत |
| अवशेष | टैथिस सागर | गौंडवानालैण्ड | टैथिस सागर | गौंडवानालैण्ड |
| भारत भौतिक प्रदेश हिस्सा | उत्तर भारत का विशाल मैदान | प्रायद्वीपीय पठारी प्रदेश | उत्तर भारत का विशाल मैदान | प्रायद्वीपीय पठारी प्रदेश |
| ढाल | उ. पूर्व से द. प. | पार्श्ववर्ती | पश्चिम से पूर्व | द. से उ. एवं उ. से पू. |
| जिले | 16 | 13 | 13 | 6 |
| औसत ऊँचाई | 150-380 मी. | 930 मीटर | 200-500 मी. | 450-600 मी. |
| वर्षा | 10 सेमी.-40 सेमी. | 40 सेमी.-60 सेमी. | 60 सेमी-80 सेमी. | 80 सेमी.-120 सेमी. |
| नदियाँ | घग्घर, लूनी | बनास | बनास, बाणगंगा, चम्बल, माही | चम्बल, पार्वती, आहू कालीसिन्ध, परवन |
| जलवायु | शुष्क व अर्द्धशुष्क | उपआर्द्र | आर्द्र | अतिआर्द्र |
| वन | काँटेदार झाड़ियाँ | उष्णकटिबन्धीय काँटेदार झाड़ियाँ | मिश्रित पतझड़ | सघन (सदाबहार) वन |
| मिट्टी | रेतीली बलुई (एरिडी-एंटीसोल्स) | काली-भूरी पथरीली (इन्सेप्टीसोल्स) | जलोढ़-दोमट (अल्फीसोल्स) | काली-लाल कछारी (वर्टीसोल्स) |
| फसल | ग्वार, बाजरा, मोठ | मक्का, ज्वार | गेहूँ, जौ, चना, सरसों | मसाले, सोयाबीन, कपास |
| विशिष्टता | बालुका स्तूप | बहुतायत खनिज | बीहड़ | लावा पठार |

Scanned with OKEN Scanner

❑ राजस्थान को वी. सी. मिश्रा ने कितने भौगोलिक प्रदेशों में बाँटा है।महिला पर्यवेक्षक(TSP) - 20.12.2015]
(1) दो (2) चार (3) पाँच (4) सात
Ans. (4) *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ राजस्थान का कौन-सा भौगोलिक अंचल प्राचीनतम है?
[राज. पुलिस कॉन्स्टेबल-14/15.7.2018 (II)]
(1) घग्घर का मैदानी अंचल
(2) उत्तरी-पूर्वी मैदान अंचल
(3) अरावली पर्वतीय अंचल
(4) थार मरुस्थल अंचल
Ans. (3) *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ राजस्थान के इन क्षेत्रों में से कौनसा 'शुष्क उत्तर पश्चिमी मैदान' का एक भाग है?
[CET (10+2) : 24.10.2024 (S-II)]
(1) उत्तर पश्चिमी बीकानेर
(2)बाड़मेर(3) गंगानगर(4) हनुमानगढ़
Ans. (2)* *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*




❑ झालावाड़ से बीकानेर की ओर सीधी रेखा में यात्रा करते हुए आप निम्न में से किस प्रकार के भौतिक स्वरूपों के क्रम का अवलोकन करेंगे?
[खाद्य सुरक्षा अधिकारी-25.11.2019]
(1) भोराट पठार, हाड़ौती पठार, मध्य अरावली
(2) मध्य माही मैदान, बनास बेसिन, बांगड़
(3) विन्ध्यन कगार, बनास बेसिन, भोराट पठार
(4) हाड़ौती पठार, बनास बेसिन, मध्य अरावली
Ans. (4) ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ संरचनात्मक दृष्टि से राजस्थान के भौतिक स्वरूप भारत के निम्नलिखित में से किन उच्चावच प्रदेशों का हिस्सा है-
[प्रयोगशाला सहायक 13.11.16]
(1) उत्तरी वृहत मैदान, प्रायद्वीपीय पठार
(2) उत्तरी पर्वतीय प्रदेश, उत्तरीय वृहत मैदान
(3) तटीय मैदान, प्रायद्वीपीय पठार
(4) प्रायद्वीपीय पठार, उत्तरी पर्वतीय प्रदेश
Ans. (1) ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ राजस्थान का सबसे बड़ा भौगोलिक क्षेत्र ( क्षेत्रफल के अनुसार ) कौनसा है-CET (10+2) : 22.10.2024 (I)]
(1) अर्द्ध शुष्क क्षेत्र (2) अरावली क्षेत्र
(3) पश्चिमी मरुस्थलीय मैदानी क्षेत्र(4) पूर्वी मैदानी क्षेत्र
Ans. (3) ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ निम्न में से राजस्थान का कौनसा भौगोलिक क्षेत्र अपनी सीमा को मध्यप्रदेश से साझा करता है-
[पशु परिचर-3.12.2024 (S-I)][Stenographer-15.10.2024]
(1) दक्षिणी-पूर्वी पठारी क्षेत्र (2) पश्चिमी शुष्क क्षेत्र
(3) अर्द्ध शुष्क क्षेत्र (4) अरावली क्षेत्र
Ans. (1) ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ सुमेलित कीजिए -[जेल प्रहरी परीक्षा 20-10-2018, Shift -I]

| प्राकृतिक भाग | औसत वर्षा |
|---|---|
| अ. उत्तरी -पश्चिमी रेगिस्तान | 12 से 15 सेमी. |
| ब. पूर्वी मैदान | 40 से 80 सेमी. |
| स. मध्यवर्ती पहाड़ी प्रदेश | 20 से 90 सेमी. |
| द. दक्षिण-पूर्वी पठार | 75 सेमी. |

| कूट : | अ | ब | स | द | | अ | ब | स | द |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | 4 | 3 | 2 | 1 | (2) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (3) | 2 | 3 | 1 | 4 | (4) | 1 | 2 | 3 | 4 |

Ans. (4) ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

Scanned with OKEN Scanner

❒ राजस्थान के निम्न भौतिक (प्राकृतिक) क्षेत्रों में से कौनसा क्षेत्र पाकिस्तान के साथ अपनी सीमा साझा करता है- [पशु परिचर-3.12.2024 (S-II)]

(1) पश्चिमी रेगिस्तानी मैदान क्षेत्र
(2) अरावली क्षेत्र
(3) दक्षिण पूर्वी पठार क्षेत्र
(4) पूर्वी मैदान क्षेत्र

**Ans.** (1) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **निम्नलिखित में से राजस्थान का कौनसा भौगोलिक क्षेत्र हरियाणा राज्य के साथ अपनी सीमा साझा नहीं करता है?** [CET (10+2) : 24.10.2024 (S-II)]

(1) दक्षिणी पूर्वी पठारी क्षेत्र (2) अर्द्धशुष्क क्षेत्र
(3) पूर्वी मैदानी क्षेत्र (4) अरावली क्षेत्र

**Ans.** (1) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **राजस्थान के धरातलीय स्वरूपों के सम्बन्ध में कौन-सा कथन गलत है?** [स्कूल व्याख्याता परीक्षा-2014] [वनरक्षक-13.12.2022(S-II)] [Librarian Garde-III- 13.11.2016]

(1) अरावली विश्व की प्राचीनतम वलित पर्वत श्रेणी है।
(2) उत्तर-पूर्वी मैदान सिन्धु नदी द्वारा निर्मित मैदान का भाग है।
(3)प. बालुका मैदान टैथिस सागर का अवशेष रूप है।
(4) दक्षिण-पूर्वी पठार गौंडवाना लैण्ड का विस्तारित भाग है।

**Ans.** (2)

> *व्याख्या -उत्तर-पूर्वी मैदान को टैथिस सागर का अवशेष माना जाता है। इयोसीन काल एवं प्लीस्टोसीन युग में इस क्षेत्र में एक विशाल समुद्र (टैथिस सागर) था।*

❒ **राजस्थान में कौन-से भौतिक विभाग अपने धरातलीय लक्षणों से सही सुमेलित हैं?** [पटवारी प्रारम्भिक -2016]

(1) **भौतिक विभाग** : दक्षिण-पूर्वी पठार → **शैल समूह**: आर्कियन-विन्ध्यन क्रम → **धरातलीय लक्षण** : गौंडवाना लैण्ड का विस्तारित भाग

(2) **भौतिक विभाग** : पश्चिमी बालुका मैदान→ **शैल समूह**: रायलो-क्रिटेशस क्रम→ **धरातलीय लक्षण** : टैथिस सागर का अवशेष रूप

(3) **भौतिक विभाग** : अरावली → **शैल समूह**: अरावली-दिल्ली क्रम → **धरातलीय लक्षण** : प्राचीनतम वलित पर्वत श्रेणी

(4) **भौतिक विभाग** : उत्तर-पूर्वी मैदान, → **शैल समूह**: दक्कन लावा-विन्ध्यन क्रम→ **धरातलीय लक्षण** : सिन्धु नदी निर्मित मैदान का भाग

कूट: (1) 2 और 3 (2) 1 और 4
(3) 1, 2, और 3 (4) 2, 3 और 4

**Ans.** (3)

> *व्याख्या : पूर्वी मैदानी भाग, मरुस्थल किसी समय टैथिस सागर तथा अरावली, हाड़ौती का पठार गौंडवाना लैण्ड का हिस्सा थे।*

❒ **राजस्थान के भौतिक प्रदेशों का उत्तर से दक्षिण दिशा में अवस्थिति का सही क्रम है?** [REET (Level – II, S-II ) –24.07.2022]

(1) विंध्यन श्रेणी → लूनी बेसिन → शेखावाटी प्रदेश → माही का मैदान
(2) लूनी बेसिन → विंध्यन श्रेणी → शेखावाटी प्रदेश → माही का मैदान
(3) शेखावाटी प्रदेश → विंध्यन श्रेणी → लूनी बेसिन → मांही का मैदान
(4) घग्गर का मैदान → भोराट का पठार → शेखावाटी प्रदेश → लूनी बेसिन

**Ans.** (3)

> *व्याख्या - राजस्थान के भौतिक प्रदेशों का उत्तर से दक्षिण दिशा में क्रमशः घग्घर, शेखावाटी, नागौर उच्च भूमि, विंध्यन श्रेणी, लूनी बेसिन, बनास बेसिन, माही का मैदान आते हैं।*

❒ **राजस्थान के भौतिक प्रदेशों के सम्बन्धों में सही कथन चुनिए-** [Patwar Main 24.12.16]

**1. राज्य के 61.11 प्रतिशत भू-क्षेत्र में पश्चिमी रेतीले मैदान का विस्तार है।**
**2. राज्य के 9.60 प्रतिशत भू-क्षेत्र में अरावली पर्वतीय प्रदेश का विस्तार है।**
**3. राज्य के 23.03 प्रतिशत भू-क्षेत्र में पूर्वी मैदान का विस्तार है।**
**4. राज्य के 6.37 प्रतिशत भू-क्षेत्र में दक्षिण-पूर्वी पठारी प्रदेश का विस्तार है।**

कूट: (1) केवल 1 (2) 1 और 3
(3) 1, 2 और 3 (4) 3 और 4

**Ans.** (1)

Scanned with OKEN Scanner

*व्याख्या* - उपर्युक्त प्रश्न के विकल्पों में माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जयपुर पीठ द्वारा गठित प्रोफेसर्स के पैनल ने विकल्प 1 ( 61.11 ) को ही सही माना है। अन्य विकल्पों के आंशिक प्रतिशत में विविधता होने के कारण उन्हें सही नहीं माना गया है। राज्य के 9 या 9.3 प्रतिशत भू-क्षेत्र में अरावली पर्वतीय प्रदेश का विस्तार है। राज्य के 23 या 23.30 प्रतिशत भू-क्षेत्र में पूर्वी मैदान का विस्तार है। राज्य के 6.89 या 7.30 प्रतिशत भू-क्षेत्र में दक्षिण-पूर्वी पठारी प्रदेश का विस्तार है।

❐ **राजस्थान की प्री-केम्ब्रियन चट्टानों का आधारभूत वर्णन किया गया है-** [कम्प्यूटर अनुदेशक -18.06.2022]
[महिला पर्यवेक्षक परीक्षा (Non-TSP) - 29.11.2015 ]

(1) ए. एम. हेरोन (2) टी. एच. डी. ला. टोर्शे
(3) एम.एस.कृष्णन (4) ए. एल. कोलसन

**Ans.** (1)

*व्याख्या* - राजस्थान के भू-तात्विक सर्वेक्षण की कड़ी में ए. एम. हेरोन, टी. एच. डी. ला. टोर्शे, एम.एस.कृष्णन, ए. एल. कोलसन, सी.ए. हैकेट, पी.के. घोष, डी.एन. वाडिया आदि का नाम उल्लेखनीय है। किन्तु राजस्थान की प्री-केम्ब्रियन चट्टानों का आधारभूत वर्णन ए. एम. हेरोन (1936, 1953) ने प्रस्तुत किया।

❐ **राजस्थान में थार मरुस्थल से प्रभावित क्षेत्रफल व जनसंख्या का प्रतिशत क्रमश: कितना है-**
[प्रयोगशाला सहा.-3.2.19] [R.A.S.1999]

(1) 50%, 50% (2) 61%, 40%
(3) 70%, 60% (4) 70%, 70%

**Ans.** (2)

*व्याख्या* - **उत्तर-पश्चिमी मरुस्थलीय प्रदेश :**

- निर्माण काल : टर्शटारी एवं प्लीस्टोसीन
- विस्तार : कुल लम्बाई-640 किमी., चौड़ाई - 300 किमी., औसत ऊँचाई - 200-300 मीटर ( समुद्र तल से ) इसमें राजस्थान के क्षेत्रफल का लगभग 61.11% ( लगभग 2,09,000 वर्ग किमी. ) भाग आता है जिसमें लगभग 40% जनसंख्या निवास करती है। इस प्रदेश का पश्चिमी भाग 'थार का रेगिस्तान' तथा पूर्वी भाग 'मारवाड़' कहलाता है।

❐ **राजस्थान का मरुस्थल किस नाम से जाना जाता है-**
[राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-07.11.2020 (I)]

(1) गोबी (2) सहारा (3) कालाहारी (4) थार

**Ans.** (4) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ **राजस्थान का लगभग कितने प्रतिशत भू-भाग मरुस्थलों से घिरा हुआ है-**[Librarian Gr.III- 13.11.2016]
[राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-08.11.2020 (I)]
[JEN (विद्युत) डिप्लोमा -29.11.2020]
[A.A.O. - 31.5.2019] [R.A.S. Pre Ex.. 2010]

(1) 41% (2) 21% (3) 61% (4) 81%

**Ans.** (3) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ **अरावली शृंखला के पश्चिमी व उत्तर-पश्चिम में स्थित 12 जिलों में राज्य की कितने प्रतिशत जनसंख्या निवास करती है-** [RAS Exam-1996, 99]

(1) 40% (2) 50% (3) 60% (4) 70%

**Ans. (1)** *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ **राजस्थान में कौनसा एक भौतिक विभाजन सर्वाधिक क्षेत्रफल वाला है?**[पशुधन सहायक - 21.10.2018]
[JEN Degree (TSP) Exam - 16.10.2016]

(1) पूर्वी मैदानी प्रदेश (2) उत्तर पश्चिमी मरुस्थली प्रदेश
(3) दक्षिण पूर्वी पठारी प्रदेश (4) अरावली पर्वतश्रेणी प्रदेश

**Ans.** (2) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ **राजस्थान में मरुस्थल का विस्तार.....दिशा में हो रहा है।** [कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (भौतिक) 21.9.2019]

(1) पूर्व से पश्चिम (2) दक्षिण से उत्तर
(3) पश्चिम से पूर्व (4) उत्तर से दक्षिण

**Ans.** (3) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ **थार मरुस्थल का विस्तार किन राज्यों तक है?**
[राज. पुलिस कॉन्स्टेबल परीक्षा-2014]

(1) राजस्थान (2) राजस्थान, पंजाब, मध्यप्रदेश
(3) राजस्थान,पंजाब (4) राजस्थान,पंजाब, गुजरात, हरियाणा

**Ans. (4)**

*व्याख्या* : थार मरुस्थल का विस्तार भारत में 85 प्रतिशत, पाकिस्तान में 15 प्रतिशत है। इसका विस्तार भारत में राजस्थान ( 62% ), हरियाणा, गुजरात, पंजाब में है। थार का मरुस्थल उत्तर-पश्चिम में 640 किलोमीटर लम्बा व 300 किलोमीटर चौड़ा रेतीला मरुस्थल है। इसका कुल क्षेत्रफल 1,75,000 वर्ग कि.मी. ( डॉ. हरिमोहन सक्सेना की पुस्तक 'राजस्थान का भूगोल' में ) है। यहाँ सर्वाधिक जैव विविधता पाई जाती है। अत: इस क्षेत्र को रूक्ष क्षेत्र कहते है। थार के रेगिस्तान में एकाएक वर्षा होने से बालुका-स्तूपों के मध्य निचली भूमि के गर्त जल से भर जाते है। ये मध्यवर्ती गर्त 'मरहो' कहलाते है। मरुस्थलीय क्षेत्र में जहाँ जल बेसिन पाये जाते हैं उसके चारों ओर हरियाली विकसित हो जाती है, जिसे नखलिस्तान (Oasis) कहते हैं।

Scanned with OKEN Scanner

❑ पश्चिमी मरुस्थली क्षेत्र का क्षेत्रफल लगभग है- [महिला पर्यवेक्षक परीक्षा (Non-TSP) - 29.11.2015]
(1) 242239 वर्ग किमी. (2) 75000 वर्ग किमी.
(3) 175000 वर्ग किमी. (4) 213688 वर्ग किमी.
Ans. (3) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ राजस्थान भूभाग के क्षेत्रफल का कितना भाग रेगिस्तान है? [R.A.S. Pre Exam. 2003] [CET - 5.2.2023 (S-I)] [जेल प्रहरी परीक्षा 21-10-2018, Shift -II]
(1) लगभग एक-चौथाई (2) लगभग एक-तिहाई
(3) लगभग आधा (4) लगभग दो-तिहाई
Ans. (4) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ राजस्थान में कौनसा मरुस्थल स्थित है- [राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-13.06.2024 (I)]
(1) गोबी रेगिस्तान (2) थार रेगिस्तान
(3) सहारा रेगिस्तान (4) कालाहारी रेगिस्तान
Ans. (2) *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ थार मरुस्थल के सन्दर्भ में निम्न कथनों में से सही कथन है- [रसायनज्ञ परीक्षा-06.08.2024]
1. सम्पूर्ण मरुस्थल रेतीला एवं वालुका स्तूप क्षेत्र है। 2. यह लगभग 1,75,000 वर्ग किमी. क्षेत्र में विस्तृत है। 3. यह 25 सेमी. सम वर्षा रेखा के पश्चिम में स्थित है। 4. भालेरी (चूरू), मेंढा नदी घाटी (सीकर) में बरखान प्रकार के वालुका स्तूप पाये जाते हैं।
(1) 2, 3, 4 (2) 2, 3 (3) 1, 2, 3 (4) 1, 3, 4
Ans. (1) *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ भू-जलवायुविक प्रमाणों के आधार पर आज से लगभग कितने वर्ष पूर्व राजस्थान में मरुस्थल का अस्तित्व नहीं था? [JEN (Diploma) Exam - 21.08.2016]
(1) 1,000 (2) 7,000 (3) 10,000 (4) 25,000
Ans. (2)

❑ थार रेगिस्तान में तीन शहरों का रेगिस्तानी त्रिकोण शामिल है, वह है- [CET -G (S-II) - 27.09.2024]
(1) जैसलमेर-जोधपुर-बाड़मेर (2) बीकानेर-जैसलमेर-पाली
(3) बीकानेर-जैसलमेर-बाड़मेर
(4) जैसलमेर-जोधपुर-बीकानेर
Ans. (4)

❑ निम्न में से थार मरुस्थल के किस भाग की समुद्र तल से सबसे कम ऊँचाई है-[Veterinary Off.-2.8.2020]
(1) उत्तरी भाग (2) दक्षिणी भाग
(3) उत्तरी-पूर्वी भाग (4) उत्तरी-पश्चिमी भाग
Ans. (2)

*व्याख्या-इसकी समुद्रतल से सामान्य ऊँचाई 200 मीटर (दक्षिणी भाग में) और 300 मीटर (उत्तरी भाग में) है।*

❑ राजस्थान के कितने जिलों में थार रेगिस्तान फैला हुआ है? [LDC -09.09.2018][वनरक्षक परीक्षा - 2013] [CET -4.2.2023 (S- II)]
(1) 9 (2) 14 (3) 11 (4) 12
Ans. (4)*

*व्याख्या - राष्ट्रीय कृषि आयोग ने राज्य के 12 जिलों को मरुस्थलीय जिले माना हैं। किन्तु वर्तमान नये जिलों के पुनर्गठन के पश्चात् मरुस्थलीय जिलों की संख्या 16 (गंगानगर, हनुमानगढ़, जैसलमेर, फलौदी, बालोतरा, बीकानेर, नागौर, ब्यावर जिले का उत्तर-पश्चिमी भाग, डीडवाना-कुचामन, सीकर, झुन्झुनूँ, चूरू, जालौर, पाली, बाड़मेर, जोधपुर) हो गयी है।*

❑ राजस्थान का निम्न में से कौनसा स्थान भारत के अनुसूचित मरुस्थल क्षेत्रों में नहीं है? [CET (10+2) : 24.10.2024 (S-II)]
(1) झुन्झुनूँ (2) उदयपुर (3) जोधपुर (4) जैसलमेर
Ans. (2) *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ गतिशील (Mobile) 'रेत के टीले' को राजस्थान की स्थानीय भाषा में ....कहते हैं- [राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-07.11.2020 (I)]
(1) ढोर (2) रोहिड़ा (3) खेजड़ी (4) धरियन
Ans. (4)

*व्याख्या - पश्चिमी राजस्थान में शुष्क मरुस्थल को बालू रेत के टीले/धोरे/धरियन के अधिक फैलाव के कारण थली (रेत ही रेत) कहा जाता है। वायु द्वारा लाई गई समस्त बालू का भार शीर्ष के छोर पर वायु की मन्द गति पड़ने के कारण छोड़ दिया जाता है तथा इसकी दोनों भुजाओं के बीच वायु की रगड़ से गर्त बन जाता है जिसे स्थानीय भाषा में ढांढ/ढांड [Dhand] कहते हैं।*

❑ थार मरुस्थल में 'ढांड' के नाम से कौनसा जाना जाता है? [CET -4.2.2023 (S- II)]
(1) नखलिस्तान (2) चन्द्राकार बालुका स्तूप में गर्त
(3) उत्सुत बेसिन (4) मरुस्थल में प्लाया
Ans. (2) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

Scanned with OKEN Scanner

❒ राजस्थान स्थित थार का मरुस्थल किसका अवशेष माना जाता है? [वनरक्षक परीक्षा - 2013]

(1) गौंडवाना लैण्ड का (2) अंगारालैण्ड का
(3) टैथिस सागर का (4) लूनी नदी का

**Ans. (3)**

*व्याख्या - थार का रेगिस्तान एवं पूर्वी मैदानी भाग किसी समय टैथिस महासागर का भाग था। टैथिस सागर के अवशेष के रूप में राजस्थान में आज भी साँभर, डीडवाना, पचपदरा ( बालोतरा ) आदि खारे पानी की बड़ी झीलें ( प्लाया झीलें ) स्थित है। आकल गाँव ( जैसलमेर ) के जीवाश्मीय प्रमाण भी इसी ओर इंगित करते हैं।*

❒ 'प्लाया' झीलें राजस्थान के किस भौगोलिक अंचल में मिलती हैं? [राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-14.07.2018 (I)] [राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-13.06.2024 (I)]

(1) अरावली पर्वत (2) थार का मरुस्थल
(3) हाड़ौती का पठार (4) पूर्वी मैदान

**Ans. (2)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ गौंडवाड़ प्रदेश राजस्थान के किस बृहत् भू-आकृतिक विभाग का भाग है? [LDC Exam 23.10.16]

(1) पूर्वी मैदानी प्रदेश (2) पश्चिमी शुष्क प्रदेश
(3) हाड़ौती पठार (4) घग्घर प्रदेश

**Ans. (2)**

*व्याख्या-पश्चिमी राजस्थान के अर्द्धशुष्क मैदान के उपखण्ड लूनी बेसिन को गौंडवाड़ा प्रदेश के रूप में जाना जाता है।*

❒ निम्न में से कौन-सी विशेषता थार के मरुस्थल से संबंधित नहीं है [राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-15.07.2018 (I)]

(1) यहाँ शुष्क एवं अर्द्ध-शुष्क जलवायु है
(2) यहाँ रेतीली मिट्टी पाई जाती है
(3) यहाँ सदाबहार वन पाए जाते हैं
(4) यहाँ बालू के स्तूप पाए जाते हैं

**Ans. (3)**

*व्याख्या - थार के मरुस्थल में काँटेदार झाड़ियाँ पाई जाती है। जबकि सघन ( सदाबहार ) वन दक्षिण-पूर्वी पठारी प्रदेश में पाये जाते हैं।*

❒ अन्तरिक्ष मेहमानों की पंसदीदा जगह जहाँ एक दशक में नौ उल्कापिण्ड गिरे हैं [III Gr.Teacher-2006]

(1) ढूँढाड़ अंचल (2) वागड़ अंचल
(3) हाड़ौती अंचल (4) थार का रेगिस्तान अंचल

**Ans. (4)**

*व्याख्या-पिछले एक दशक में सर्वाधिक उल्कापिण्ड थार के रेगिस्तान में गिरे है। पाकिस्तान में थार के मरुस्थल को 'चोलिस्तान' के नाम से जाना जाता है। थार का मरुस्थल विश्व का सबसे अधिक आबादी वाला मरुस्थल है।*

❒ बाप बोल्डर्स बेड राजस्थान के किस जिले में है? [ARO (Agronomy/Agriculture) -29.08.2022] [III Grade (SST) -26.02.2023]

(1)जैसलमेर (2)जोधपुर (3) बीकानेर (4) हनुमानगढ़

**Ans. (2)***

*व्याख्या-परमियन कार्बोनिफेरस-बाप बोल्डर बेड फलौदी जिले ( पूर्व जोधपुर ) के बाप गाँव के आस-पास गोलाश्म संस्तर तालचीर बोल्डर बेड के समकालीन माने जाते हैं।*

❒ बाप बोल्डर्स युग से सम्बंधित है? [महिला पर्यवेक्षक- 29.11.2015]

(1)जुरासिक(2)साइलूरियन (3)कार्बोनिफेरस(4)डिवोनियन

**Ans. (3)** *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ पश्चिमी राजस्थान के रेतीले मैदान का कितना प्रतिशत क्षेत्र बालुकास्तूप-मुक्त है? [Patwar Main 24.12.16] [JEN (Agri.) 10.09.2022]

(1) 41.5 (2) 61.11 (3) 18.6 (4) 14.7

**Ans. (1)**

*व्याख्या - पश्चिमी रेतीले राजस्थान में बालुका स्तूप*

| स्तूपों का विस्तार | क्षेत्रफल ( वर्ग किमी. ) | मरुस्थली क्षेत्रफल का % |
|---|---|---|
| बालुका स्तूप मुक्त क्षेत्र | 85,660 | 41.50 |
| 0%-20% प्रभावित क्षेत्र | 24,856 | 11.50 |
| 20%-40% प्रभावित क्षेत्र | 10,165 | 4.80 |
| 40%-60% प्रभावित क्षेत्र | 34,322 | 14.70 |
| 60%-80% प्रभावित क्षेत्र | 39,782 | 18.60 |
| 80%-100% प्रभावित क्षेत्र | 18,903 | 8.90 |
| कुल | 2,13,688 | 100.00 |

❒ राजस्थान के पश्चिमी रेतीले मैदान के ______ क्षेत्र में बालुका स्तूप पाए जाते हैं? [पटवार - 2008]

(1) 60 % (2) 50% (3) 40% (4) 30%

**Ans. (1)**

Scanned with OKEN Scanner

*व्याख्या : पश्चिमी रेतीले मरुस्थल का लगभग 59-60 प्रतिशत भाग बालुका स्तूपों से आच्छादित है।*

❑ राजस्थान में निम्नलिखित में से कौनसा एक बालुका स्तूप का प्रकार नहीं है- [VDO-27.12.2021 (S-I)] [ARO-29.8.2022] [द्वितीय श्रेणी अध्यापक-1.5.2017]

(1) थली (2) बरखान (3) पैराबोलिक (4) सीफ

Ans. (1)

*व्याख्या -बालुकास्तूप युक्त मरुस्थली प्रदेश (Sandy Dunes Area) - बालुका स्तूप मुख्य रूप से मिट्टी के अपरदन और निक्षेपण का प्रतिफल है। इन्हें टीले/टीबे/धोरे (साहित्यिक भाषा में)/धरियन (जैसलमेर की स्थानीय भाषा में) आदि नामों से जाना जाता है। सर्वाधिक बालुका स्तूप जैसलमेर तथा सभी प्रकार के बालुका स्तूप जोधपुर ग्रामीण में पाये जाते हैं। बालुकास्तूप के प्रकार है -*

*पवन की गति के अनुसार -*

- *अनुदैर्ध्य/पवनानुवर्ती/रेखीय बालुकास्तूप*
- *बरखान (बरच्छान) या अर्द्धचन्द्राकार बालुका स्तूप*
- *अनुप्रस्थ बालुका स्तूप [Transverse Dunes]*

*आकृति के अनुसार -*

- *पेरावोलिक बालुका स्तूप*
- *सीफ बालुका स्तूप*
- *तारा बालुकास्तूप (Star Sand Dunes)*

❑ बालुका स्तूपों का प्रकार नहीं है-[ARO-29.8.2022] [महिला पर्यवेक्षक परीक्षा (Non-TSP) - 29.11.2015]

(1) पेरावोलिक (2) बरखान (3) सीफ (4) इन्सेलबर्ग

Ans. (4) *इन्सेलबर्ग ग्रेनाइट निर्मित आबू पर्वत खंड है।*

❑ राजस्थान के कौनसे क्षेत्रों में, तारा बालुका स्तूप पाये जाते हैं? [I Grade Teacher (GK) -15.10.2022] [Librarian III Grade 11.09.2022]

(1) मोहनगढ़ क्षेत्र (जैसलमेर) एवं सूरतगढ़ क्षेत्र (गंगानगर)

(2) सरदारशहर क्षेत्र (चूरू) एवं शेखावाटी क्षेत्र (सीकर)

(3) सिवाना क्षेत्र एवं फलौदी क्षेत्र

(4) मोहनगढ़ क्षेत्र (जैसलमेर)एवं कोलायत क्षेत्र (बीकानेर)

Ans. (1)

*व्याख्या - तारा बालुकास्तूप (Star Sand Dunes) : हमादा के चारों ओर पाये जाने वाले बालुका स्तूप को तारानुमा बालुका स्तूप कहा जाता है। तारा बालुका स्तूप जैसलमेर के मोहनगढ, पोकरण क्षेत्र तथा गंगानगर के सूरतगढ में मिलते हैं।*

❑ अनुप्रस्थ बालुका टीले राजस्थान के किन जिलों में मिलते हैं? [JEN (Electric) Degree - 18.05.2022]

(1) बीकानेर-गंगानगर (2) जोधपुर-बाड़मेर

(3) जालौर-पाली (4) जोधपुर-नागौर

Ans. (1)

*व्याख्या -अनुप्रस्थ बालुका स्तूप [Transverse Dunes] : इनकी ऊँचाई 10 से 40 मीटर एवं स्तूपों के मध्य दूरी 500 से 1000 मीटर होती है। ये पवनों की दिशा के समकोण बनने वाले स्तूप होते है। ये बीकानेर, हनुमानगढ़ के रावतसर, गंगानगर के सूरतगढ़, चूरू, झुन्झुनूँ जिलों में मिलते हैं।*

❑ राजस्थान में किन क्षेत्रों में अनुप्रस्थ बालुकास्तूप मिलते हैं- [Assistant Archivist-03.08.2024] [Librarian Garde-II Exam - 02.08.2020]

1. बीकानेर जिले के पुंगल के चारों ओर
2. गंगानगर जिले का सूरतगढ़ क्षेत्र
3. जैसलमेर जिले का मोहनगढ़ क्षेत्र
4. हनुमानगढ़ जिले का नोहर क्षेत्र

(1) 2, 3 (2) 1, 2, 3 (3) 1, 2 (4) 2, 3, 4

Ans. (3) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ थार के मरुस्थल में पाए जाने वाले अर्द्ध-चंद्राकार रेत के टीलों को क्या कहा जाता है? [पुलिस कॉन्स्टेबल-14.07.2018 (I)][JEN (Mech.) Dip.- 20.5.2022] [कनिष्ठ अनुदेशक (कोपा)-20.3.2019]

(1) बरखान (2) सम (3) रण (4) खड़ीन

Ans. (1)

*व्याख्या - बरखान (बरच्छान) या अर्द्धचन्द्राकार बालुका स्तूप (Barchans or Crescent Shaped Sand Dunes) - 20-35 सेमी. समवर्षा रेखा के पश्चिमी क्षेत्रों में, 10-20 मी. ऊँचाई एवं 100-200 मी. तक चौड़ाई तक फैले है। मरुस्थलीकरण में सर्वाधिक योगदान बरखान बालूका स्तूपों का होता है क्योंकि ये सर्वाधिक गतिशील होते हैं। भालेरी (चूरू), जैसलमेर, सीकर, सूरतगढ़, लूणकरणसर, करणी माता- देशनोक (बीकानेर), बाड़मेर, बालोतरा, ओसियाँ व जोधपुर, डीडवाना-कुचामन में मिलते हैं। यह बालुका स्तूप मंद पवनामुखी ढाल व तीव्र पवनाविमुखी ढाल वाला होता है।*

❑ बरच्छान/बरखान है: [III Grade (L-I) -25.2.2023, 2009]

(1) रेत के टील (2) डेल्टा (3) पहाड़ियाँ (4) झीलें

Ans. (1) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

Scanned with OKEN Scanner

❒ बरखान बालुका स्तूप प्रधानतः राजस्थान के कौनसे क्षेत्रों में पाये जाते हैं- [व्याख्याता आयुर्वेद विभाग-12.11.2021]
(1) 20 सेमी. समवर्षा रेखा के पश्चिमी क्षेत्रों में
(2) 20 से 35 सेमी. समवर्षा रेखा के मध्य क्षेत्रों में
(3) 35 से 50 सेमी. समवर्षा रेखा के मध्य क्षेत्रों में
(4) 50 सेमी. समवर्षा रेखा के पूर्वी क्षेत्रों में
Ans. (2) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ बरखान पश्चिमी राजस्थान के कौनसे क्षेत्रों में पाये जाते हैं? [II Grade (S-II) -29.1.2023]
1. ओसियाँ-जोधपुर 2. भालेरी-चूरू
3. देशनोक - बीकानेर 4. दांतारामगढ़-सीकर
(1) 1, 2 एवं 4 (2) 1, 3 एवं 4
(3) 1, 2 एवं 3 (4) 2, 3 एवं 4
Ans. (3) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ 'बरखान/वरकान' स्थलाकृति किस भौतिक विभाग से संबद्ध है- [JEN (यांत्रिकी) डिग्री -13.12.2020] [CET - 5.2.2023 (S- II)]
(1) पर्वतीय प्रदेश (2) पठारी प्रदेश
(3) मैदानी प्रदेश (4) मरुस्थलीय प्रदेश
Ans. (4) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ सीफ है एक- [PTI-2015][JEN (Civil) Dip. - 18.5.2022]
(1) अनुदैर्ध्य बालुका स्तूप (2) अनुप्रस्थ बालुका स्तूप
(3) पेराबोलिक बालुका स्तूप (4) स्क्रब कापीस बालुका
Ans. (1)

*व्याख्या : बरखान के निर्माण में जब पवन की दिशा में परिवर्तन होता है तो बरखान की भुजा आगे की ओर समानान्तर बढ़ जाती हैं जिसे सीफ ( सीप ) कहा जाता है। बरखान के अर्द्धचन्द्राकार निम्न भूमि क्षेत्र में उपजाऊ भूमि 'रोही' कहलाती है।*

❒ कौनसे बालुका स्तूप, प्रचलित पवन की दिशा के समानान्तर विकसित होते हैं?[CET : 07.01.2023 (S-II)]
(1) सीफ (2) पेराबोलिक (3) बरखान (4) अनुप्रस्थ
Ans. (1) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ राजस्थान के थार मरुस्थल में दृषद्वती नदी घाटी में किस प्रकार के बालुका स्तूप चिह्नित होते हैं? [LDC Exam -12.08.2018]
(1) रेखीय/पवनानुवर्ती बालुका स्तूप (2) तारा बालुका स्तूप
(3) पेराबोलिक बालुका स्तूप (4) बरखान बालुका स्तूप
Ans. (1)

*व्याख्या : अनुदैर्ध्य/पवनानुवर्ती/रेखीय बालुका स्तूप [Longitudinal or Linear Dunes] : इनका विस्तार सर्वाधिक जैसलमेर के दक्षिण-पश्चिम भाग में पाया जाता है। जोधपुर एवं बाड़मेर जिलों में भी इनका विस्तार है। इन रेखीय बालुका स्तूपों की ऊँचाई 10 मीटर से 60 मीटर तक पाई जाती है। पवनानुवर्ती स्तूप, पवनों की दिशा के समानान्तर बनने ( सीप ) वाले स्तूप होते है।*

❒ जैसलमेर में किस प्रकार के बालुका स्तूप पाए जाते हैं- [अन्वेषक सीधी भर्ती परीक्षा - 27.12.2020]
(1) बरखान (2) परवलयिक (3) अनुदैर्ध्य (4) अनुप्रस्थ
Ans. (*) *विकल्प 2 और 3 दोनों सही है।*

❒ पश्चिमी राजस्थान में कौनसे प्रकार के अनुप्रस्थ बालुका स्तूप पाये जाते हैं? [I Grade (GK) -11.10.2022]
(1) बरखान एवं सीफ
(2) बरखान एवं परवलयी
(3) बरखान एवं पवन विमुख रेखीय
(4) परवलयी एवं वनस्पति युक्त रेखीय
Ans. (2)

*व्याख्या : सीफ, पवन विमुख रेखीय आदि अनुदैर्ध्य तथा बरखान, परवलयी अनुप्रस्थ बालुका स्तूप हैं।*

❒ थार मरुस्थल की स्थलाकृति किस प्रकार के बालुकास्तूपों से पटी पड़ी है? [JEN - 21.08.2016]
(1) पवनानुवर्ती (2) अनुप्रस्थ (3) बरखान (4) पेराबोलिक
Ans. (4)

*व्याख्या-राजस्थान के विपरीत या हेयर पिन जैसा बालुका स्तूप को पेराबोलिक बालुका स्तूप कहते हैं। इस प्रकार के बालुका स्तूप बीकानेर ( राजस्थान ) में सर्वाधिक है। पेरावोलिक ( पेराबोलिक ) बालुका स्तूप का विस्तार सम्पूर्ण मरुस्थलीय क्षेत्र में है।*

❒ थार मरुस्थल के संदर्भ में पेराबोलिक क्या है? [ARO (Entomology)-30.08.2022]
(1) बालुका स्तूप (2) झील (3) खड़ीन (4) टांका
Ans. (1) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ राजस्थान के पश्चिमी मरुस्थल में सबसे प्रमुख ( अधिकांशतः ) बालू के स्तूप है- [व्याख्याता आयुर्वेद विभाग-13.11.2021]
(1) बरखान (2) पवनानुवर्ती (3) अनुप्रस्थ (4) पेराबोलिक
Ans. (4) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

Scanned with OKEN Scanner

❐ निम्न में से राजस्थान में कौन-सा क्षेत्र बालुका स्तूप मुक्त है? [द्वितीय श्रेणी अध्यापक परीक्षा-01.05.2017]
(1) शेरगढ़- शिव (2) ओसियाँ - शेरगढ़
(3) बायतू - चोहटन (4) फलौदी - पोकरण
Ans. (4)

*व्याख्या : बालुकास्तूप मुक्त प्रदेश ( Sandy Dunes free Area ) -मरुस्थल के अधिकांश भाग में बालुका स्तूपों का अभाव है। इस क्षेत्र को बालुका स्तूप रहित प्रदेश कहा जाता है। यह प्रदेश जैसलमेर के चारों ओर लगभग 65 किलोमीटर क्षेत्र में, पोकरण तहसील के लगभग आधे भाग में और फलौदी जिले के दक्षिणी व पश्चिमी क्षेत्रों में विस्तृत है।*

❐ सही कथन का चयन कीजिए[II Grade-30.7.2023 (II)]
**1. अनुप्रस्थ बालुका-स्तूप चूरू और झुन्झुनूं जिलों में मिलते हैं। 2. अवरोधी बालुका-स्तूप पुष्कर क्षेत्र में मिलते हैं। 3. जोधपुर जिला बालुका-स्तूप मुक्त जिला है।**
(1) 1, 2, 3 (2) 2 और 3 (3) 1 और 2 (4) 1 और 3
Ans. (3) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ राजस्थान में ड्यून मुक्त ट्रेक्ट पाया जाता है-
[JEN (Electric) Diploma- 18.05.2022]
(1) पाली-जालोर-बाड़मेर-जयपुर
(2) जोधपुर-नागौर-चुरू-सीकर
(3) हनुमानगढ़-श्रीगंगानगर-झुन्झुनूँ-जयपुर
(4) बीकानेर-जैसलमेर-फलौदी-पोकरण
Ans. (4) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ 'लाठी सीरीज' क्या है? [R.A.S. Pre Exam, 2007]
[JEN (Agri.) 10.09.2022][राज.पुलिस कॉन्स्टेबल-15.07.2018 (I)]
[III Grade (SST) -26.02.2023]
(1) भूमिगत जल पट्टी (2) वन संरक्षण कार्यक्रम
(3) सेवण घास पट्टी (4) उपर्युक्त सभी
Ans. (1)

*व्याख्या - लाठी सीरीज क्षेत्र : जैसलमेर जिले में पोकरण से मोहनगढ़ तक पाकिस्तानी सीमा के सहारे-सहारे एक भुगर्भिय ( पृथ्वी के अन्दर ) जल ( जलभृत ) की चौड़ी पट्टी ( भौगोलिक बेल्ट ), जिसे 'लाठी सीरीज क्षेत्र' कहा जाता है। यहाँ टर्शरीकालीन अवसादी चट्टानों में तेल एवं गैस के भण्डार मिलते हैं। यहाँ 'चाँदन नलकूप' कम गहराई में अधिक पेयजल आपूर्ति के कारण 'थार का घड़ा' कहलाता है।*

❐ 'थार का घड़ा' किसे कहा जाता है-
[EO & RO - 14.05.2023 (S - II)]
(1) चाँदन नलकूप (2) मांडल नलकूप
(3) खारा नलकूप (4) ताजा नलकूप
Ans. (1) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ थार मरुस्थल में 'लाठी सीरीज' के सन्दर्भ में कौनसा कथन सही नहीं है- [Archivist-03.08.2024]
(1) बालुका स्तूपों की अधिकता
(2) प्राकृतिक तेल-गैस भण्डार
(3) अवसादी चट्टानों से निर्मित क्षेत्र
(4) भूमिगत जल का अच्छा भण्डार
Ans. (1) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ किस जिले में राष्ट्रीय जीवाश्म उद्यान ( नेशनल वुड फॉसिल पार्क ) स्थित है-[पु. कॉन्स्टेबल-14.6.2024 (I)]
[JEN (Mechanical) Diploma- 20.5.2022] [ग्राम सेवक- 2008]
[RAS, 1999] [संगणक-19.12.2021][महिला पर्यवेक्षक-6.01.2019]
[CET : 08.01.2023 (S-I)][वनपाल-6.11.2022(S-I)]
(1) बाड़मेर (2) जैसलमेर (3) चूरू (4) सीकर
Ans. (2)

*व्याख्या-आकलगाँव : जैसलमेर के जैसलमेर-बाड़मेर मार्ग पर स्थित इस क्षेत्र में काष्ठ जीवावशेष पार्क ( Wood fossils park ) बनाया गया है। यहाँ 21 हैक्टेयर क्षेत्रफल में 18 करोड़ वर्ष पूर्व के सागरीय जीवाश्म पाये गये हैं। आकल वुड फॉसिल पार्क का समय जुरासिक काल का है। यहाँ विश्व में प्राचीनतम लकड़ी के अवशेष मिले हैं।*

❐ जैसलमेर स्थित आकल काष्ठ जीवाश्मों की आयु लगभग कितनी मानी गई है? [I Grade Geo.-16.10.2022]
(1) 12 करोड़ वर्ष (2) 18 करोड़ वर्ष
(3) 38 लाख वर्ष (4) 6 करोड़ वर्ष
Ans. (2) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ राजस्थान में आकल काष्ठ जीवाश्म उद्यान किस स्थान पर स्थित हैं?[PSI - 15.09.2021][JEN- 21.8.2016]
[CET-G (S-I) - 27.09.2024]
(1) गड़ीसर (2) आकल (3) तनोट (4) लोद्रवा
Ans. (2) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ निम्न में थार मरुस्थल के भाग हैं- [R.A.S.-27.10.2021]
**1. गोड़वाड़ प्रदेश 2. शेखावाटी प्रदेश**
**3. बनास का मैदान 4. घग्घर का मैदान**
(1) 1 और 2 (2) 2 और 3 (3) 1, 2, 4(4) 1, 3, 4
Ans. (3)

Scanned with OKEN Scanner

व्याख्या -अर्द्धशुष्क मैदान ( बांगर प्रदेश ) का विभाजन -

**( क ) <u>घग्घर क्षेत्र</u>** : काली चिकनी मिट्टी से बने उपजाऊ प्रदेश का विस्तार <u>गंगानगर तथा हनुमानगढ़</u> जिलों के सबसे उत्तरी भागों में है जहाँ प्राचीन काल से ही घग्घर नदी हिमालय से निकलकर इस प्रदेश में बहती है। घग्घर नदी के पाट को राजस्थान में 'नाली' कहा जाता है।

**( ख ) नागौरी उच्च प्रदेश** ( समुद्रतल से ऊँचाई 300 से 500 मीटर ) - नागौरी उच्च प्रदेश नागौर, डीडवाना-कुचामन जिले में विस्तृत है। इसका अधिकांश भाग अन्तःप्रवाही है जिसके धरातल में कई गर्त पाए जाते हैं, जहाँ वर्षा का जल भर जाने से खारे पानी की मौसमी झीले बन जाती है जिससे नमक का उत्पादन किया जाता है। साँभर, डीडवाना आदि नमक झीले इसी प्रदेश में स्थित है। इस प्रदेश में सोडियम तत्त्व की अधिकता होने के कारण यह बंजर व रेतीला प्रदेश है। नागौर से अजमेर के मध्य फ्लोराइड प्रभावित क्षेत्र 'कूबड़ पट्टी' पाई जाती है।

**( ग ) <u>शेखावाटी क्षेत्र ( आंतरिक जल-प्रवाह का मैदान, समुद्रतल से ऊँचाई 450 मीटर )</u>** - राजस्थान का उत्तर-पूर्वी भाग अन्तः प्रवाह क्षेत्र के नाम से जाना जाता है। अरावली श्रेणी के दक्षिण-पूर्व में एक ओर उपजाऊ मैदान तथा दूसरी तरफ शेखावाटी क्षेत्र स्थित है। शेखावाटी भू-भाग की स्थलाकृति उबड़-खाबड़ बालू के टीलों द्वारा परिलक्षित होती है। यह सम्पूर्ण क्षेत्र अन्तः प्रवाही है जो चूरू, झुन्झुनूँ, सीकर, डीडवाना-कुचामन का उत्तरी भाग तथा उत्तरी नागौर का कुछ हिस्सों में फैला हुआ है। इस क्षेत्र में अधिकांशतः बरखान बालुका स्तूप पाये जाते हैं।

**( घ ) <u>लूनी बेसिन ( गोडवाड़ा प्रदेश )</u>** : पश्चिमी मरुस्थल के इस प्रदेश में लूनी व उसकी सहायक नदियाँ बहती है। पाली, सिरोही, जोधपुर व जालोर आदि जिलों में विस्तृत इस क्षेत्र की सभी नदियाँ अंशकालीन है। लूनी बेसिन में सबसे अधिक विस्तृत मैदानी भाग समतल प्राचीन कांपीय मैदान का है जो सम्पूर्ण बेसिन का 47.51% भाग को घेरता है। लूनी नदी का पानी बालोतरा जिले तक पहाड़ी अपवाह तंत्र के कारण मीठा एवं तत्पश्चात् नमक युक्त चट्टानों, नमक के कणों युक्त एवं मरुस्थली प्रदेश के अपवाह तंत्र के कारण खारा पाया जाता है। ज्ञातव्य है कि बाड़मेर व जालौर का वह भाग जो गुजरात के कच्छ को स्पर्श करता है, जहाँ पूर्व में समुद्र था, उस क्षेत्र को 'नेहड़' ( नीरहद ) के नाम से जाना जाता है।

❑ **निम्नलिखित में से कौनसा अपने आंतरिक प्रवाह के लिए जाना जाता है-** [व्याख्याता आयुर्वेद विभाग-11.11.2021] [EO & RO - 14.05.2023 (S - II)]

(1) मध्य अरावली का गिरिपाद क्षेत्र (2) विन्ध्य क्षेत्र
(3) हाड़ौती क्षेत्र (4) शेखावाटी क्षेत्र

**Ans. (4)** *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ **'लूनी बेसिन' राजस्थान के किस विस्तृत भूआकृतिक क्षेत्र का एक भाग है?** [LDC Exam -09.09.2018] [ARO-27.8.2022]

(1) पूर्वी मैदान (2) पश्चिमी मरुस्थल
(3) अरावली पहाड़ी प्रदेश (4) दक्षिण-पूर्वी पठार

**Ans. (2)** *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ **गोडवाड़ प्रदेश को यह भी कहा जाता है-**
[II Grade GK - 24.12.2022, (संस्कृत शिक्षा) -17.02.2019] [Librarian Gr.-II - 2.08.2020][Lab Assistent (Sci.) -29.6.2022]

(1) लूनी-जवाई बेसिन (2) घग्घर का मैदान
(3) चम्बल बेसिन (4) काली सिंध बेसिन

**Ans. (1)** *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ **गोडवाड़ बेसिन राजस्थान के किस वृहत भू-आकृतिक विभाग का हिस्सा है?** [III Grade (Sanskrit) -27.02.2023]

(1) पूर्वी मैदान (2) थार/पश्चिमी मरुस्थल
(3) हाड़ौती पठार (4) उत्तरी अरावली

**Ans. (2)** *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ **राजस्थान में लूनी-जवाई बेसिन को अन्य किस नाम से जाना जाता है?** [Lab Assistent (Science) -28.06.2022] [JEN (यांत्रिकी) डिग्री -13.12.2020]

(1) बांगर प्रदेश (2) गोडवाड़ प्रदेश
(3) शेखावाटी प्रदेश (4) मृत नदी प्रदेश

**Ans. (2)** *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ **निम्नलिखित में से कौनसा भौतिक लक्षण 'राजस्थान बांगर/अर्द्धशुष्क' में सम्मिलित नहीं है?**
[JEN (Agri.) 10.09.2022] [वनपाल-06.11.2022(S-I)] [Librarian III Grade 11.09.2022][शोध अध्येता-04.08.2024]

(1) गोडवाड़ प्रदेश (2) आन्तरिक प्रवाह का मैदान
(3) नमकीन झीलें (4) छप्पन का मैदान

**Ans. (4)** *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ **नागौर उच्च भूमि की औसत ऊँचाई ( मीटर में ) निम्न में से कौनसी है?** [ARO (Horticulture) 27.8.2022]

(1) 200 से 400 मीटर (2) 300 से 500 मीटर
(3) 400 से 600 मीटर (4) 100 से 200 मीटर

**Ans. (2)** *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

Scanned with OKEN Scanner

❑ शेखावाटी क्षेत्र राजस्थान के किस भू-आकृतिक विभाजन का भाग है? [पशु परिचर-3.12.2024 (S-I)]
(1) पूर्वी मैदानी क्षेत्र (2) पश्चिमी मरुस्थली मैदानी क्षेत्र
(3) अर्द्ध-शुष्क क्षेत्र (4) अरावली क्षेत्र
**Ans.** (3) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ घग्घर का मैदान राजस्थान के किस भौगोलिक विभाजन का एक उपक्षेत्र है [पशु परिचर-3.12.2024 (II)]
(1) पूर्वी मैदानी क्षेत्र (2) पश्चिमी मरुस्थलीय मैदान क्षेत्र
(3) अरावली क्षेत्र (4) अर्द्ध-शुष्क क्षेत्र
**Ans.** (4) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ घग्घर का मैदान स्थित है-[पटवार-24.10.2021 (S - II)]
[स्कूल व्याख्याता (Physical Edu.)-21.10.2022]
(1) झुंझुनूं व सीकर (2) जालौर व सिरोही
(3) गंगानगर व हनुमानगढ़ (4) जैसलमेर व बाड़मेर
**Ans.** (3) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ किस भू-आकृतिक प्रदेश में नरसिंहपुर पहाड़ और हिंगलाज-का-मगरा स्थित हैं-[Asst. Professor- 7.1.2024]
(1) माही बेसिन (2) लूनी बेसिन
(3) बनास बेसिन (4) चम्बल बेसिन
**Ans.** (2)*नरसिंहपुर पहाड़ (सोजत), हिंगलाज-का-मगरा (सिवाणा)*

❑ राजस्थान के किस अंचल को 'बांगड़ प्रदेश' भी कहा जाता है? [राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-14.07.2018 (II)]
(1) हाड़ौती अंचल (2) शेखावाटी अंचल
(3) माही का मैदान (4) बनास बेसिन
**Ans.** (2)

*व्याख्या-बागड़ राजस्थान में दो भू-क्षेत्रों का वाचक रहा है-*

- *वागड़ (वार्गट) प्रदेश-बाँसवाड़ा, प्रतापगढ़ व डूँगरपुर के पहाड़ी क्षेत्र को स्थानीय भाषा में वागड़ कहते हैं।*
- *बांगड़ प्रदेश : यह अरावली पर्वत व पश्चिम मरुस्थल के मध्य का भाग है जो मुख्यतः झुंझुनूँ, सीकर, पूर्वी चूरू, डीडवाना-कुचामन, नागौर व पाली जिले में विस्तृत है। नरहड़ (पिलानी), भादरा, नोहर (हनुमानगढ़) एवं कनाणा आदि भू-भाग जिसे जिनपाल संकलित खतरगच्छ पट्टावली में बागड़ नाम से बहुशः अभिहित किया गया है।*

*स्रोत : संदर्भिका राजस्थान सुजस, पृष्ठ 568*

❑ कौनसा युग्म सुमेलित है-[क. वैज्ञानिक सहायक 14.9.2019]
(1) बांगर-बूँदी (2) वागड़ - बाँसवाड़ा
(3) भाकर -सीकर (4) गिरवा - डूँगरपुर
**Ans.** (2) *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ राजस्थान के बांगड़ प्रदेश के जिलों में कौन-सा सम्मिलित नहीं है?[कॉलेज व्याख्याता (सारंगी) 30.05.2016]
(1) सीकर (2) झुन्झुनूं (3) चुरू (4) राजसमंद
**Ans.** (4) *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ राजस्थान में विश्व के प्राचीनतम पर्वत पाये जाते हैं जो गौंडवाना लैण्ड के भाग है, उनका नाम है? [जेल प्रहरी परीक्षा - 2017]
(1)आबूपर्वत(2) विन्ध्याचल(3) नागपहाड़(4) अरावली पर्वत
**Ans.** (4)

***व्याख्या :***

प्रागैतिहासिक काल/कार्बोनिफेरस युग
↓ अंगारा लैण्ड → टैथिस सागर ← गौंडवाना लैण्ड
- अंगारा लैण्ड ↓ राजस्थान में अवशेष नहीं
- टैथिस सागर ↓ 1. मरूस्थल प्रदेश 2. पूर्वी मैदानी प्रदेश
- गौंडवाना लैण्ड ↓ 1. अरावली पर्वतमाला 2. दक्षिणी-पूर्वी पठार या हाड़ौती का पठार

❑ 'अरावली पर्वत श्रेणी' का विकास किस काल में होना माना जाता है? [II Grade (Social Study). 2011]
(1) प्रीकैम्ब्रियन (2) मिसोजोइक
(3) पेलियोजोइक (4) सीनोजोइक
**Ans.** (1)

*व्याख्या-भूगर्भिक दृष्टि से अरावली पर्वत श्रेणी मुख्यतः अरावली सुपर ग्रुप (नीस, शिस्ट व ग्रेनाइट) एवं दिल्ली सुपर ग्रुप (क्वार्टजाइट) की चट्टानों से बनी हुई हैं। इसका उद्भव एवं उत्पत्ति भूगर्भिक इतिहास के प्राचीन कल्प अर्थात् प्री. कैम्ब्रियन कल्प में हुई थी। इस समय भारतीय टेक्टोनिक प्लेट यूरेशियन प्लेट से अलग हो रही थी।*

❑ अरावली किस प्लेट से अलग हुई?[JEN - 10.09.2022]
(1) सोमाली प्लेट (2) सुंडा प्लेट
(3) यूरेशियन प्लेट (4) अरेबियन प्लेट
**Ans.** (3) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ वर्तमान में अरावली पर्वत विद्यमान हैं-
[महिला पर्यवेक्षक 29.11.2015]
[JEN (Diploma) - 21.08.2016]
(1) वलित पर्वतों के रूप में(2) संगृहीत पर्वतों के रूप में
(3)अवशिष्ट पर्वतों के क्षेत्र में(4)ब्लॉकपर्वतों के रूप में
**Ans.** (3)

Scanned with OKEN Scanner

*व्याख्या - अरावली पर्वतमाला -*
- *निर्माण प्रक्रिया के आधार पर वलित पर्वतमाला*
- *समयानुसार प्राचीनतम पर्वतमाला*
- *वर्तमान में यह अवशिष्ट पर्वतमाला*

❑ **विश्व की प्राचीनतम वलित पर्वतमाला निम्नलिखित में से कौनसी है-** [राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-6.11.2020 (I)]
(1) नीलगिरि (2) अरावली (3) हिमालय (4) ऐल्प्स
**Ans. (2)** *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ **राजस्थान में खेड़ब्रह्मा ( गुजरात सीमा ) से खेतड़ी तक अरावली पर्वतमाला की लम्बाई है?** [ग्राम सेवक-2008]
(1)500 km(2) 550 km(3) 600 km (4) 692 km
**Ans. (2)**

*व्याख्या - अरावली श्रेणी राजस्थान के 9.1 प्रतिशत भाग ( लगभग 10 प्रतिशत जनसंख्या ) में स्थित है। अरावली पर्वत श्रेणी विश्व की प्राचीनतम वलित पर्वतीय शृंखला है। राज्य में अरावली पर्वतमाला खेतड़ी ( झुन्झुनूँ ) से खेड़ब्रह्मा ( सिरोही ) तक फैली हुई हैं। इसकी कुल लम्बाई 692 किमी. में से 550 किमी. राजस्थान में स्थित है। RBSE ( कक्षा 11, भूगोल ) के अनुसार अरावली का मुख्य विस्तार 9 जिलों ( सिरोही, उदयपुर, राजसमंद, अजमेर, दौसा, जयपुर, अलवर, सीकर, झुन्झुनूँ ) जिलों में है। किन्तु अरावली की शाखाओं एवं प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए इसमें डूँगरपुर, बाँसवाड़ा, चित्तौड़गढ़ तथा भीलवाड़ा जिले भी सम्मिलित कर लिये जाते हैं। जिलों के पुनर्गठन के उपरान्त ब्यावर, डीडवाना-कुचामन का पूर्वी भाग, कोटपूतली-बहरोड़ एवं खैरथल-तिजारा में अरावली का विस्तार है।*

❑ **अरावली पर्वतमाला दक्षिण-पश्चिम में राजस्थान के किस जिले से प्रारम्भ होकर उत्तर-पूर्व जाती है?** [Police Constable Exam- 2013]
(1) जालौर (2) उदयपुर
(3) प्रतापगढ़ (4) सिरोही
**Ans. (4)** *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ **जिस दिशा में अरावली श्रेणियों की चौड़ाई बढ़ती जाती है, वह है** [RPSC LDC. Exam, 2012]
[R.A.S.-1999][REET (Level – II, S-II) –23.07.2022]
[राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-15.05.2022 (II)]
(1) उत्तर-पूर्व से दक्षिण-पश्चिम (2) पूर्व से पश्चिम
(3) दक्षिण-पश्चिम से उत्तर-पूर्व (4) पश्चिम से पूर्व
**Ans. (1)**

*व्याख्या- अरावली श्रेणी उत्तर-पूर्व में दिल्ली के समीप से दक्षिण-पश्चिम में पालनपुर ( गुजरात ) तक चौड़ाई लिए हुए विस्तृत है। दक्षिण-पश्चिम का भाग ( गुजरात ) अधिक चौड़ा एवं विस्तृत है जबकि उत्तर-पूर्वी भाग संकड़ा पाया जाता है।*

❑ **अरावली पर्वत का विस्तार है-** [राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-14.07.2018 (I)]
(1) मध्यप्रदेश के सिहोर से दिल्ली तक
(2) राजस्थान के उदयपुर से दिल्ली तक
(3) गुजरात के पालनपुर से दिल्ली तक
(4) उत्तर प्रदेश से आगरा से दिल्ली तक
**Ans. (3)** *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ **अरावली पर्वतमालाओं की सुदूर दक्षिणी जड़ जहाँ से प्रारम्भ होती है वह स्थान है?** [E.O. Exam, 2007]
(1) पालनपुर(2) आबू पर्वत(3)अरबसागर तल(4) गोगुंदा
**Ans. (3)**

*व्याख्या -अरावली पर्वतमाला का उद्गम सुदूर दक्षिणतम क्षेत्र अरब सागर में स्थित लक्षद्वीप के 'मिनिकाय द्वीप' से माना जाता है। इसी कारण 'अरब सागर को अरावली का पिता' कहा जाता है।*

❑ **राजस्थान का कौनसा भौगोलिक अंचल सबसे अधिक ऊँचा है?** [राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-15.7.2018 (I)]
(1) अरावली पर्वत (2) थार का मरूस्थल
(3) हाड़ौती का पठार (4) पूर्वी मैदानी अंचल
**Ans. (1)** *व्याख्या-अरावली की औसत ऊँचाई-930 मी. है।*

❑ **राजस्थान का प्रमुख जल विभाजक है-**
[जेल प्रहरी 27-10-2018, S-II][महिला पर्यवेक्षक- 20.12.2015 ]
[कनिष्ठ अनुदेशक- 26.3.2019][पुलिस कॉन्स्टेबल-6.11.2020 (I)]
(1) अरावली की पहाड़ियाँ (2) बूँदी की पहाड़ियाँ
(3) अलवर की पहाड़ियाँ (4) मुकन्दरा की पहाड़ियाँ
**Ans. (1)**

*व्याख्या - अरावली को राजस्थान की जलविभाजक रेखा कहा जाता है क्योंकि यह बंगाल की खाड़ी और अरब सागर की नदियों को अलग करती है। अरावली थार के मरुस्थल को चम्बल घाटी से अलग करती है।*

❑ **कौनसी पर्वत श्रेणी राजस्थान राज्य को पूर्वी राजस्थान और पश्चिमी राजस्थान में विभाजित करती है-**
[राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-07.11.2020 (I), 14.07.2018 (I)]
(1) पश्चिमी घाट (2) अरावली(3) विंध्याचल (4) पूर्वांचल
**Ans. (2)** *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

Scanned with OKEN Scanner

❐ राजस्थान में..... दक्षिण-पश्चिम से उत्तर-पूर्व तक जलवायु विभाजक के रूप में कार्य करता है-
[राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-08.11.2020 (I)]

(1) राजा पहाड़ियाँ (2) खासी पहाड़ियाँ
(3) पश्चिमी घाट (4) अरावली पर्वत

**Ans.** (4) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ राजस्थान के उस भौतिक स्वरूप का नाम क्या है जो थार के रेगिस्तान को चंबल की घाटी से अलग करता है- [राजस्थान पुलिस-13.5.2022 (S-II)]

(1) विंध्य पर्वत-श्रेणी (2) चंबल नदी
(3) मध्य प्रदेश सीमा (4) अरावली पर्वत-श्रेणी

**Ans.** (4) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ अरावली पर्वतमाला के कौनसे भाग में सर्वाधिक अन्तराल विद्यमान है? [वनरक्षक परीक्षा - 2013]
[JEN (Mech.) Degree (TSP) - 16.10.2016]

(1) उत्तरी-मध्यवर्ती (2) उत्तर-दक्षिणी
(3) पूर्वी-मध्यवर्ती (4) दक्षिणी-पश्चिमी

**Ans.** (1)

*व्याख्या - अरावली पर्वत शृंखला का अधिकांश भाग उदयपुर जिले में स्थित है तथा सर्वाधिक अन्तराल मध्यवर्ती भाग में है। यह डूँगरपुर और बाँसवाड़ा जिले में फैली हुई है और सिरोही (सबसे अधिक ऊँचाई) व पाली जिलों में इसका आकार ऊँचाई लिए हुए है तथा भीलवाड़ा, ब्यावर व अजमेर जिलों में इसकी आकृति नुकीलापन लिए हुए है।*

❐ कथन (A) : अरावली के पूर्वी ढालों पर पश्चिमी ढालों की अपेक्षा वनस्पति अधिक सघन तथा ऊँचाई तक विद्यमान है।

कारण (R) : अरावली के पूर्वी ढाल अधिक मानसूनी वर्षा प्राप्त करते हैं तथा पश्चिमी ढालों की अपेक्षा तीक्ष्ण ढालयुक्त व उच्चतर हैं।

कूट : [Librarian Garde-III Exam - 13.11.2016]

(1) (A) तथा (R) दोनों सही हैं किन्तु (R) (A) की आंशिक व्याख्या करता है।
(2) (A) तथा (R) दोनों सही हैं तथा (R) (A) की पूर्ण व्याख्या करता है।
(3) (A) गलत है किन्तु (R) सही है।
(4) (A) सही है किन्तु (R) गलत है।

**Ans.** (2)

❐ निम्न कथनों पर विचार कीजिए- [RAS-28.08.2016]
[स्कूल व्याख्याता परीक्षा-03.01.2020]

1. अरावली मरुस्थल के पूर्वी विस्तार को रोकता है
2. अरावली क्षेत्र खनिजों में समृद्ध है।
3. राजस्थान में वर्षा का वितरण प्रारूप अरावली से प्रभावित नहीं है।
4. राजस्थान की अनेक नदियों का उद्गम स्थल अरावली है।

नीचे दिये गये कूट की सहायता से सही उत्तर का चुनाव कीजिए-

(1) 1, 2, 3 सही है। (2) 1, 2, 4 सही है।
(3) 2, 3, 4 सही है। (4) 3, 4 सही है।

**Ans.** (2)

*व्याख्या-अरावली पर्वत राजस्थान के लिए जीवनदायिनी सरिताओं यथा बनास, बेड़च, लूनी, खारी, कोठारी, सूकड़ी, साबरमती आदि की जन्मस्थली है। दक्षिणी-पश्चिमी मानसून की दिशा के अनुकूल फैले होने के कारण जलभरी हवाएं इनके समानान्तर प्रवाहित होकर हिमालय तक बेरोकटोक चली जाती हैं। अतः मानसूनी वर्षा नहीं होती है। अरावली में सर्वाधिक धात्विक खनिज पाये जाते हैं क्योंकि अरावली का निर्माण (युग-प्री. कैम्ब्रियन) धारवाड़ क्रम की चट्टानों से हुआ है।*

❐ अरावली पर्वतमाला के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौनसे तथ्य सत्य हैं? [CET : 08.01.2023 (S-II)]

**(i)** इसका निर्माण कैम्ब्रियन युग में हुआ था।
**(ii)** वर्तमान में यह अवशिष्ट पर्वत के रूप में है
**(iii)** यह मुख्यतः आग्नेय चट्टानों से निर्मित है।
**(iv)** यह दक्षिण - पश्चिम से उत्तर - पूर्व दिशा में विस्तृत है।

कूट- (1) iii और iv (2) i, ii, iii और iv
(3) ii और iv (4) i और ii

**Ans.** (3) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ राजस्थान में अरावली का कौनसा भाग सर्वाधिक वर्षा प्राप्त करता है-[खाद्य सुरक्षा अधिकारी-25.11.2019]

(1) उत्तर-पूर्वी (2) मध्य
(3) दक्षिणी (4) शेखावाटी पहाड़ियाँ

**Ans.** (3)

*व्याख्या - दक्षिणी अरावली प्रदेश मुख्यतः आबू पर्वत खण्ड (सिरोही) में सर्वाधिक वर्षा होती है।*

Scanned with OKEN Scanner

❑ अरावली पर्वत की सबसे अधिक ऊँचाई किस जिले में है? [राजस्थान पुलिस कांस्टेबल-14.07.2018 (II)]

(1) सिरोही (2) अजमेर (3) अलवर (4) डूँगरपुर

Ans. (1)

*व्याख्या : • अरावली की सर्वाधिक ऊँचाई- सिरोही*
- *अरावली की न्यूनतम ऊँचाई- जयपुर*
- *अरावली का सर्वाधिक विस्तार - उदयपुर*
- *अरावली का न्यूनतम विस्तार - अजमेर*

❑ निम्नांकित में से किस जिले में अरावली पर्वतमाला का क्षेत्र सबसे कम है? [ARO (Entomology) 28.8.2022]

(1) बाँसवाड़ा (2) डूँगरपुर (3) राजसमन्द (4) अजमेर

Ans. (4) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ अरावली प्रदेश का भाग नहीं? [महिला पर्यवेक्षक परीक्षा (Non-TSP) - 29.11.2015]

(1) आबू खण्ड (2) अलवर खण्ड

(3) जयपुर खण्ड (4) विन्ध्यन खण्ड

Ans. (4)

*व्याख्या -अरावली प्रदेश के तीन लघु भौतिक भाग-*

*(क) उत्तरी अरावली क्षेत्र (जयपुर से खेतड़ी, झुन्झुनूँ तक) : इस पर्वत श्रृंखला में शेखावाटी एवं सीकर की तोरावाटी पहाड़ियाँ तथा जयपुर (नाहरगढ़, जयगढ़, मनोहरपुरा) और अलवर की पहाड़ियाँ (भानगढ़, सरिस्का, बिलाली, सिरावास) सम्मिलित है। इस प्रदेश के प्रमुख उच्च शिखरों में क्रमशः रघुनाथगढ़ (सीकर), खोह (जयपुर), भैराच (अलवर), बरवाड़ा (जयपुर) है।*

*(ख) मध्य अरावली क्षेत्र (अजमेर से राजसमंद तक) : इसका विस्तार जयपुर के दक्षिण-पश्चिम भाग से दक्षिण में राजसमंद जिले की देवगढ़ तहसील तक है। इसमें निम्न पहाड़ियाँ सम्मिलित है-*

- *मध्य अरावली क्षेत्र (मेरवाड़ा पहाड़ियाँ) मुख्य रूप से अजमेर जिले में विस्तृत है।*
- *शेखावाटी निम्न पहाड़ियाँ - सांभर झील से झुन्झुनूँ में सिंघाना तक।*

*(ग) दक्षिणी अरावली क्षेत्र (राजसमंद से माउण्ट आबू, सिरोही तक) : दक्षिणी अरावली को दो भागों में बाँटा गया है- 1. आबू/आबूर्द पर्वत - विस्तार (अचलगढ़) सिरोही में, 2. मेवाड़ अरावली - विस्तार उदयपुर, राजसमंद*

❑ निम्न में से कौन-सी चोटी/श्रृंखला दक्षिण अरावली में अवस्थित है- [Veterinary Officer - 02.08.2020]

(1) नाग पहाड़ (2) रघुनाथगढ़ (3) तारागढ़ (4) अचलगढ़

Ans. (4) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ निम्नलिखित में से कौनसी पर्वत चोटी उत्तरी अरावली प्रदेश से सम्बन्धित नहीं है? [II Grade (SST) -21.12.2022]

(1) बैराठ (2) सिरावास (3) नागपहाड़ (4) बिलाली

Ans. (3) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ मध्य अरावली का निम्नतम उच्चावच क्षेत्र है- [Asst. Agri. Officer 2015]

(1)साँभरक्षेत्र (2)भोराट पठार (3)मारवाड़ क्षेत्र (4)आबू ब्लाक

Ans. (1) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ भानगढ़, बिलाली व सिरावास श्रेणियाँ स्थित हैं- [स्कूल व्याख्याता (Coach)-20.10.2022] [ACF & FRO-18.2.2021]

(1) उत्तरी अरावली (2) मध्य अरावली

(3) दक्षिणी अरावली (4) पश्चिमी अरावली

Ans. (1) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ सुमेलित कीजिए-[कृ. वैज्ञानिक सहायक (प्रतेख) 22.9.2019]

(A) उत्तर-पूर्वी अरावली क्षेत्र (1) उदयपुर

(B) अरावली का मध्यवर्ती भाग (2) जयपुर

(C) भोराट क्षेत्र (3) अलवर

(D) दक्षिणी अरावली (4) सिरोही

| कूट: | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | 3 | 1 | 2 | 4 | (2) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (3) | 3 | 2 | 1 | 4 | (4) | 2 | 1 | 4 | 3 |

Ans. (3) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ गलत युग्म का चयन कीजिये - [RAS - 01.10.2023]

(1) सतूर – मध्य अरावली

(2) कटड़ा – दक्षिणी अरावली

(3) दुर-मरयाजी –मध्य अरावली

(4) महोहरपुर – उत्तरी अरावली

Ans. (*) *चोटियों के नाम गलत हैं, अतः प्रश्न डिलीट।*

❑ निम्नांकित में से किस जिले में अरावली के साथ-साथ विन्ध्यन क्रम के उच्चावच स्वरूप भी विद्यमान है? [ARO (Entomology) 28.8.2022]

(1) कोटा (2) डूँगरपुर (3) चित्तौड़गढ़ (4) उदयपुर

Ans. (3)

*व्याख्या – चित्तौड़गढ़ जिले में चित्तौड़गढ़ का किला (मेसा पठार) अरावली का भाग है जबकि भैंसरोड़गढ़ का पठारी भाग विन्ध्याचल पर्वतमाला का भाग है।*

Scanned with OKEN Scanner

❐ निम्न में से कौनसा किला अरावली पर्वतमाला में स्थित नहीं है? [Police Constable Exam-2006-07]

(1) कुम्भलगढ़ (2) चित्तौड़गढ़ (3) नाहरगढ़ (4) गागरोण

Ans. (4)

*व्याख्या - गागरोण किला झालावाड़ में स्थित है। यह अरावली पर्वतमाला में स्थित नहीं, बल्कि विंध्याचल पर्वतमाला में स्थित है।*

❐ राजस्थान का पूर्वी मैदानी भाग राजस्थान राज्य के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का लगभग प्रतिशत धारित करता है- [JEN (यांत्रिकी) डिग्री -13.12.2020]

(1) 61% (2) 23% (3) 09% (4) 33%

Ans. (2)

*व्याख्या-पूर्वी मैदानी प्रदेश : इस प्रदेश में राज्य का 23.30% भू-भाग आता है। जिलों के पुनर्गठन के उपरान्त इस क्षेत्र में जिलों की संख्या 13 (अलवर, भरतपुर, डीग, धौलपुर, करौली, सवाई -माधोपुर, टोंक, भीलवाड़ा, डूँगरपुर, बाँसवाड़ा, प्रतापगढ़, दौसा, जयपुर) है। समतल होने के साथ जलोढ़ मिट्टी से निर्मित यह भाग विस्तृत रूप में गंगा के मैदान का ही प्रवाह है। यह मैदान दक्षिण में मेवाड़ का मैदान तथा उत्तर में मालपुरा-करौली का मैदान (ए.एम. हेरॉन ने 'तृतीय पेनिप्लेन' नाम दिया) कहलाता है। इनके उच्च भू-भाग टीलेनुमा हैं जिसके कारण इसे पीडमान्ट मैदान भी कहा जा सकता है। इस प्रदेश को मुख्यत: तीन भागों (बनास, चम्बल एवं माही बेसिन) में बाँटा जाता है।*

(स्रोत : RBSE, Class 6,पृष्ठ- 30)

❐ राजस्थान में 'मालपुरा-करौली का मैदान' किस नदी बेसिन का भाग है? [LDC Exam - 16.09.2018] [CET -4.2.2023 (S-I)] [Headmaster - 02.09.2018]

(1) चम्बल (2) लूनी

(3) बनास बेसिन (4) यमुना बेसिन

Ans. (3) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ निम्न में से कौनसा समतल उच्च मैदान हैरोन महोदय द्वारा 'तृतीय पेनिप्लेन' के रूप में पहचाना गया- [पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड-III -19.09.2020]

(1) मेवाड़ मैदान (2) छप्पन मैदान

(3) मालपुरा-करौली मैदान (4) बनास मैदान

Ans. (3) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ पूर्वी बेसिन मैदान का भाग नहीं है [राज. पुलिस कॉन्स्टेबल-15.7.2018 (II)] [महिला पर्यवेक्षक परीक्षा (Non-TSP) 29.11.2015] [ARO (Entomology)-30.08.2022]

(1) चम्बल बेसिन (2) जवाई बेसिन

(3) छप्पन बेसिन (4) बनास बेसिन

Ans. (2)

*व्याख्या -पूर्वी बेसिन मैदान को मुख्यत: तीन भागों में बाँटा जा सकता है - (क) बनास बेसिन : बनास व उसकी सहायक नदियों से निर्मित यह बेसिन मुख्यत: पश्चिमी चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, टोंक आदि जिलों में विस्तृत है।*

*(ख) चम्बल बेसिन : चम्बल बेसिन मुख्यत: कोटा, बूँदी और झालावाड़ जिलों में स्थित है।*

*(ग) मध्य-माही बेसिन (छप्पन का मैदान) : यह बेसिन बाँसवाड़ा, प्रतापगढ़ जिले के उत्तरी भाग व सलूम्बर में विस्तृत है।*

❐ बनास बेसिन राजस्थान के किस भौगोलिक विभाग का हिस्सा है? [पशुधन सहायक 04.6.2022]

(1) पश्चिमी रेतीले मैदान (2) हाड़ौती पठार

(3) पूर्वी मैदान (4) अरावली पर्वतमाला और पहाड़ी क्षेत्र

Ans. (3) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ प्रतापगढ़ किस क्षेत्र का भाग है? [वनरक्षक - 2013]

(1) कांठल का मैदान (2) भोराट पठार

(3) गौंडवाना लैंड (4) छप्पन का मैदान

Ans. (1)

*व्याख्या - कांठल : माही नदी के कांठे (किनारे) पर स्थित प्रतापगढ़ का भू-भाग कांठल कहलाता है।*

❐ राजस्थान का कौनसा भौतिक प्रदेश 'खाद्यान्न का कटोरा' भी कहा जाता है? [उद्योग प्रसार अधिकारी-22.8.18]

(1) अरावली पर्वत श्रेणी प्रदेश (2) पूर्वी मैदान प्रदेश

(3) बनास बेसिन (4) दक्षिण पूर्वी पठारी प्रदेश

Ans. (2)

*व्याख्या - पूर्वी मैदानी प्रदेश या उपजाऊपन (खाद्यान्न का कटोरा) अरावली पर्वतमाला के कारण है, क्योंकि यह रेगिस्तान के पूर्वी विस्तार को नियंत्रित करती है।*

❐ निम्नलिखित में से कौनसा पठार अरावली पर्वत से सम्बद्ध नहीं है- [प्रयोगशाला सहायक 13.11.16]

(1) लासड़िया पठार (2) उड़िया पठार

(3) बघेलखण्ड पठार (4) भोराट पठार

Ans. (3)

Scanned with OKEN Scanner

*व्याख्या : बघेलखण्ड का पठार मुख्यत: मध्यप्रदेश में स्थित है।*

❐ **'बनास मैदान' के संदर्भ में निम्न कथनों पर विचार कीजिए एवं दिए गए कूटों के आधार पर सही उत्तर का चयन कीजिए-** [Asst. Agri. Officer 2015]

**1. यह मैदान कृषि के लिए अनुपयुक्त है।**
**2. इसकी औसत समुद्र तल से ऊँचाई 150-300 मी.**
**3. जलोढ़ मृदा का जमाव पाया जाता है।**
**4. इसका ढाल पश्चिम की ओर है।**

(1) 1, 2, 3 (2) 2, 3 (3) केवल 3 (4) 2, 3, 4

**Ans.** (2)

*व्याख्या - बनास बेसिन का ढाल पूर्व की ओर है। जलोढ़ मृदा के जमाव के कारण कृषि के लिए उपयुक्त है।*

❐ **दक्षिणी-पूर्वी पठार के दो भाग हैं?**
[महिला पर्यवेक्षक परीक्षा (Non-TSP) - 29.11.2015]

(1) ऊपरमाल का पठार एवं भोराट का पठार
(2) विन्ध्यन का पठार एवं दक्कन का पठार
(3) पोतवार का पठार एवं दक्कन का पठार
(4) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans.** (2)

*व्याख्या - दक्षिणी-पूर्वी पठारी प्रदेश / हाड़ौती / लावा पठार : इस क्षेत्र में राज्य का 6.49 प्रतिशत भाग आता है। इसकी औसत ऊँचाई 500-600 मीटर है। नये जिलों के पुनर्गठन के उपरान्त दक्षिणी-पूर्वी पठारी क्षेत्र के अन्तर्गत जिलों की संख्या 6 है, यथा- कोटा, बूँदी, झालावाड़, भीलवाड़ा ( बिजोलिया ), चित्तौड़गढ़ ( रावतभाटा ), बारां। यह पठारी प्रदेश दो भागों में बाँटा जा सकता है-*

***( क ) विंध्य कगार भूमि*** *- इसका विस्तार डांग ( करौली, धौलपुर, सवाईमाधोपुर ) क्षेत्र में है। यह भाग बलुआ पत्थर से निर्मित है।*

***( ख ) दक्कन लावा पठार*** *- इसका विस्तार कोटा, बूँदी, बारां, झालावाड़ जिलों में हैं। मालव प्रदेश ( प्रतापगढ़, चितौड़गढ़ ), ऊपरमाल ( बिजौलिया -भीलवाड़ा, भैंसरोड़गढ़ -चितौड़गढ़ ) इसी क्षेत्र में स्थित हैं। इस पठारी क्षेत्र में काली उपजाऊ मिट्टी पाई जाती है जिसका निर्माण ज्वालामुखी चट्टानों ( दरारी उद्बेधन से जनित बेसाल्ट लावा ) से हुआ है। बूँदी एवं सवाई माधोपुर की 'अराबाला पहाड़ियाँ' व कोटा की 'मुकुन्दवाड़ा की पहाड़ियाँ' ( विन्ध्यन पर्वत श्रेणियों का विस्तार ) इसी पठारीय भाग में है।*

❐ **विन्ध्यन कगार भूमि जिन नदियों के मध्य स्थित है, वह हैं-**[JEN (Agri.) 10.09.2022][II Gr.अध्यापक-26.04.2017]

(1) बाणगंगा व बनास (2) कालीसिंध व चंबल
(3) बेड़च व बनास (4) चंबल व बनास

**Ans.** (4) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ **राजस्थान में विंध्यन कगार क्षेत्र किस प्रकार की चट्टानों से निर्मित है?** [Jr. Accountant 04.10.16]
[Assist. Archivist-3.8.2024][सांख्यिकी अधिकारी- 20.12.2021]
[JEN (Electric) Degree - 18.05.2022]

(1) ग्रेनाइट (2) क्वार्ट्जाइट (3) बलुआ पत्थर (4) बेसाल्ट

**Ans.** (3) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ **राजस्थान में किस भौतिक क्षेत्र में मुकन्दरा की पहाड़ियाँ स्थित हैं?** [कॉलेज व्याख्याता परीक्षा-2016]
[AEN Exam : 16.05.2014][JEN Exam - 21.08.2016]
[PSI - 14.09.2021][जेल प्रहरी परीक्षा 21-10-2018, Shift -I]
[CET - 5.2.2023 (S-I)][कृषि अधिकारी (कृषि विभाग)-19.1.2021]
[पशु परिचर-2.12.2024 (S-II)]

(1) शेखावाटी प्रदेश (2) हाड़ौती पठार
(3) दक्षिणी अरावली (4) माही बेसिन

**Ans.** (2) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ **निम्नलिखित में से कौन-सी पहाड़ियाँ राजस्थान में विंध्यन पर्वत श्रेणियों का विस्तार हैं-**[RAS-5.8.2018]

(1) मुकुन्दरा पहाड़ियाँ (2) डोरा पर्वत
(3) अलवर पर्वत (4) गिरवा पर्वत

**Ans.** (1) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ **राजस्थान की मुकुन्दरा पहाड़ियाँ हिस्सा है-**
[संगणक परीक्षा-19.12.2021]

(1) अरावली की पहाड़ियों का (2) मैदानों का
(3) सतपुड़ा की पहाड़ियों (4) विन्ध्यन की पहाड़ियों का

**Ans.** (4) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ **राजस्थान के कौनसे भू-आकृतिक क्षेत्र में मुकुन्दरा और बूँदी पहाड़ियाँ स्थित है-** [Stenographer-15.10.2024]

(1) अरावली क्षेत्र (2) पश्चिमी मरुस्थल मैदानी क्षेत्र
(3) पूर्वी मैदानी क्षेत्र (4) दक्षिणी-पूर्वी पठार क्षेत्र

**Ans.** (4) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ **निम्नलिखित में से कौनसी स्थलाकृति अरावली शृंखला में अवस्थित नहीं हैं?** [JEN (Civil) Degree - 18.5.2022]

(1) भोराट पठार (2) मुकुन्दरा पहाड़ियाँ
(3) लसाड़िया पठार (4) गिरवा पहाड़ियाँ

**Ans.** (2) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

Scanned with OKEN Scanner

❒ **राजस्थान के किस क्षेत्र में विंध्य पठार विस्तार है?**
[VDO-27.12.2021 (S-II)][R.A.S. Pre Exam, 2003]
(1) उत्तर-पूर्व (2)दक्षिण-पूर्व(3)दक्षिण(4) दक्षिण-पश्चिम
**Ans. (2)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **राजस्थान में विन्ध्यन कगार किस क्षेत्र में पाये जाते हैं ?**
[II Grade (S-I) -29.1.2023]
(1) कोटा -झालावाड़ क्षेत्र (2) धौलपुर-करौली क्षेत्र
(3) अलवर-भरतपुर क्षेत्र(4) अलवर-सवाई माधोपुर क्षेत्र
**Ans.** (2) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **राजस्थान का कौन-सा जिला 'हाड़ौती का पठार' में सम्मिलित नहीं किया जाता है?**
[राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-15.07.2018 (II)]
(1) दौसा (2) कोटा (3) बारां (4) झालावाड़
**Ans.** (1)

***व्याख्या : हाड़ौती पठार** <u>दक्षिणी-पूर्वी राजस्थान</u> के कोटा, बूँदी, बारां, बाँसवाड़ा, झालावाड़ आदि जिलों में है।*
***<u>हाड़ौती पठार के तीन गौण भाग</u>** –*
- *अर्द्धचन्द्राकार पहाड़ी – बूँदी हिल्स, मुकुन्दरा हिल्स (कोटा, झालावाड़)*
- *<u>शाहबाद उच्च भूमि</u> – बारांँ (घोड़े की नाल जैसी पहाड़ी पाई जाती है।)*
- *<u>डग – गंगधर उच्च भूमि</u> – झालावाड़*

❒ **डग-गंगधर उच्च भूमियाँ अवस्थित है-**
[Librarian III Gr. 11.9.2022][JEN (Electric) Dip.-18.5.2022]
(1) उत्तरी अरावली प्रदेश(2) दक्षिणी अरावली प्रदेश
(3) हाड़ौती पठारी प्रदेश (4) नागौर उच्च भूमियाँ प्रदेश
**Ans.** (3) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **घोड़े की नाल की आकृति वाली रामगढ़ पहाड़ी राजस्थान में कहाँ स्थित है?** [I Grade T.-17.10.2022]
(1) मुकन्दरा की पहाड़ियों में(2) शाहबाद उच्च भूमि में
(3) डग-गंगधार की पहाड़ियों में (4) गोडवाड़ प्रदेश में
**Ans.** (2) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **निम्नलिखित में से हाड़ौती पठार पर अवस्थित जिला है-**
[ARO (Horticulture) 29.8.2022]
(1) सिरोही (2) धौलपुर (3) टोंक (4) कोटा
**Ans.** (4) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **झालावाड़ अवस्थित है-** [Veterinary Officer - 02.08.2020]
(1) भोराट पठार पर (2) मध्य माही मैदान में
(3) हाड़ौती पठार पर (4) चम्बल बेसिन में

**Ans.** (3) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **हाड़ौती के पठार में राजस्थान का कौन-सा क्षेत्र सम्मिलित किया जाता है?**[RPSC LDC. Exam, 2012]
[पशु परिचर-1.12.2024 (S-II)]
[Lab Assistent (Science) -28.06.2022]
(1) दक्षिणी-पूर्वी (2) दक्षिणी
(3) दक्षिणी-पश्चिमी (4) उत्तरी-पूर्वी
**Ans. (1)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **कोटा-बूँदी का क्षेत्र कहलाता है-**[Agri. Off.-29.1.2013]
(1) जांगल (2) शेखावाटी (3) हाड़ौती (4) बाग
**Ans.** (3) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **दक्षिण-पूर्वी राजस्थान में स्थित भौगोलिक प्रदेश जाना जाता है-** [Stenographer Exam : 30.05. 2013]
[पशु परिचर-2.12.2024 (S-I)]
(1) बांगड़ प्रदेश (2) माही बेसिन
(3) बनास बेसिन (4) हाड़ौती का पठार
**Ans.** (4) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **'डांगलैंड' किसका भाग हैं?**[Asstt. Agri. Off.- 31.5.2019]
(1)भोराट पठार(2)आबू पर्वत(3) करौली पठार(4) चित्तौड़ग
**Ans.** (3)

*व्याख्या - करौली पठार की अनियमित पहाड़ियों को डांगलैंड कहा जाता है।*

❒ **'छप्पन का मैदान' राजस्थान के किस भाग में स्थित है?** [II Grade (Social Study) Exam. 2011
[पशु परिचर-1.12.2024 (S-II)] [I Grade Teacher Exam, 2013
(1)उत्तरीभाग(2)पूर्वी भाग(3)दक्षिणी भाग(4)पश्चिमी भा
**Ans. (3)**

*व्याख्या - राजस्थान के दक्षिणी भाग में स्थित प्रतापगढ़ और बाँसवाड़ा के बीच के भाग में छप्पन ग्रामों का समूह स्थित होने के कारण इस भू-भाग को <u>छप्पन के मैदान</u> के नाम से जाना जाता है।*

❒ **राजस्थान में 'छप्पन का मैदान' किस नदी के बेसिन में स्थित है?** [उद्योग प्रसार अधिकारी-22.08.2018]
[C.I.D., 2002][क.वैज्ञानिक सहायक (प्रलेख) 22.9.2019]
[PSI - 15.09.2021][कृषि अधिकारी (कृषि विभाग)-19.1.2021]
[JEN (Mechanical) Diploma- 20.05.2022]
[सांख्यिकी अधिकारी-25.2.2024][Lab Assistent (Sci.) -28.6.2022]
(1) बनास (2) चम्बल (3) माही (4) लूनी
**Ans. (3)**

Scanned with OKEN Scanner

***व्याख्या-मध्य-माही बेसिन ( छप्पन का मैदान ) को वागड़ क्षेत्र भी कहते है। यह बेसिन माही नदी की सहायक नदियों से सिंचित है जो बाँसवाड़ा-डूंगरपुर, प्रतापगढ़ जिले के उत्तरी भाग व सलूम्बर ( पूर्व उदयपुर के दक्षिणी-पूर्वी भाग ) में विस्तृत है।***

❑ निम्न में से कौनसा 'वागड़' के नाम से भी जाना जाता है-[योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अधिकारी-10.3.2021]
[II Grade - 30.07.2023 (S- I)]

(1) बनास का मैदान (2) हाड़ौती का पठार
(3) मध्य माही का मैदान (4) चम्बल बेसिन

Ans. (3) ***व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।***

❑ 'छप्पन का मैदान' राजस्थान के निम्नांकित किन जिलों में विस्तृत है? [Jr. Accountant 04.10.16]
[आर्थिक अन्वेषक (उद्योग विभाग) परीक्षा -25.03.2018]
[पटवार-24.10.2021 (S -I)][महिला पर्यवेक्षक - 29.11.2015 ]
[CET -4.2.2023 (S- II)]

(1) कोटा-बाराँ (2) जालौर-पाली
(3) जैसलमेर - बाड़मेर (4) बाँसवाड़ा-डूँगरपुर

Ans. (4) ***व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।***

❑ छप्पन बेसिन जिस जिले में है, वह है:[RAS. 2010]
[पटवार-23.10.2021 (Shift -II)]

(1) अलवर (2) बाँसवाड़ा (3) पाली (4) टोंक

**Ans. (2)**

***व्याख्या - छप्पन का मैदान बाँसवाड़ा में है, तो 'छप्पन की पहाड़ियाँ' (56 पहाड़ियों का समूह जो बालोतरा के मोकलसर गाँव से सिवाणा तक)/नाकोड़ा पर्वत/ग्रेनाइट पर्वत' बालोतरा ( पूर्व में बाड़मेर ) जिले में है। इस मैदान ने माही नदी को गोलाई दी है तो छप्पन की पहाड़ियाँ भी गोल है। अधिक गहराई तक विच्छेदित होने के कारण छप्पन के विच्छेदित मैदान व आस-पास के पहाड़ी भू-भाग को 'वागड़' के नाम से पुकारा जाता है।***

❑ नाकोड़ा पर्वत को निम्न में से किस और नाम से भी जाना जाता है? [ARO (Horticulture, Botany) 27.8.2022]

(1) छप्पन की पहाड़ियाँ (2) तोरावाटी की पहाड़ियाँ
(3) पश्चिमी अरावली पहाड़ियाँ (4) तारागढ़ की पहाड़ियाँ

Ans. (1) ***व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।***

❑ 'छप्पन की पहाड़ी' अवस्थित है? [AAO-28.05.2022]

(1) डूँगरपुर-बाँसवाड़ा (2) उदयपुर
(3) बाड़मेर (4) कोटा -झालावाड़

Ans. (3)* ***वर्तमान में बालोतरा जिले में है।***

❑ राजस्थान का कौन-सा भौगोलिक अंचल मालवा के पठार का विस्तार है? [AEN Exam - 16.12.2018]
[पुलिस कॉन्स्टेबल-15.7.2018(I)][उद्योग प्रसार अधिकारी-22.8.2018]

(1) हाड़ौती का पठार (2) चंबल का मैदान
(3) लूनी का मैदान (4) भोराट का पठार

Ans. (1)

***व्याख्या : मालवा पठार, उत्तर मध्य भारत, पश्चिम में गुजरात के मैदान दक्षिण और पूर्व में विंध्य श्रेणी, उत्तर में मध्य भारत पठार और बुंदेलखंड उच्च भूमि से घिरा है। ज्वालामुखीय उत्पत्ति वाला यह पठार मध्यवर्ती मध्य प्रदेश और दक्षिण पूर्वी ( हाड़ौती का पठार ) राजस्थान का हिस्सा है। मालवा के पठार के उत्तरी भाग को 'हाड़ौती पठार' भी कहते है।***

❑ राजस्थान में किस क्षेत्र में मालवा पठार का विस्तार है- [JEN Diploma (TSP) Exam - 16.10.2016]

(1) दक्षिण-पूर्वी (2) पूर्वी (3) दक्षिण-पश्चिमी (4) उत्तर-पूर्वी

Ans. (1) ***व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।***

❑ राज्य में डेकन-ट्रेप के शैल समूह विद्यमान हैं ?
[वनरक्षक परीक्षा - 2013]

(1) डूँगरपुर-उदयपुर में (2) नागौर-जोधपुर में
(3) झालावाड़-कोटा में (4) चित्तौड़गढ़-भीलवाड़ा में

Ans. (3)

***व्याख्या - डेकनट्रेप दक्षिण-पूर्व भाग में झालावाड़, कोटा एवं मेवाड़ के कुछ भागों तक फैले हैं। इन शैलों का रंग अधिकतर गहरा भूरा अथवा हरा होता है।***

❑ राजस्थान में 'बृहत सीमान्त भ्रंश' फैला है, के सहारे-
[RAS Pre Exam-26.10.2013]

(1) बूँदी - सवाईमाधोपुर की पहाड़ियाँ
(2) उदयपुर की पहाड़ियाँ (3) अलवर की पहाड़ियाँ
(4) शेखावाटी - टोरावाटी की पहाड़ियाँ

**Ans. (1)**

***व्याख्या- अरावली व विन्ध्यन पर्वतमाला का मिलन स्थल विशाल या बृहत सीमा भ्रंश कहलाता है। राज्य के दक्षिणी-पूर्वी भाग से विशाल सीमा- भ्रंश (The Great Boundary Fault) गुजरता है। यह भ्रंश चित्तौड़गढ़ के बेगूँ, सत्तूर ( बूँदी ), उत्तरी कोटा में स्पष्टतः दृष्टिगत होता है तथा पुनः सवाईमाधोपुर और धौलपुर जिलों में इसे देखा जा सकता है।***

Scanned with OKEN Scanner

❒ **वृहत/महान सीमा-भ्रंश राजस्थान के किस भाग में स्थित है?** [AEN - 16.12.2018][Asst. Agri. Officer - 2015] [वनरक्षक-12.12.2022(S-I)][JEN (Mech.) Degree - 20.05.2022]

(1) उत्तर-पूर्वी (2) दक्षिण-पूर्वी

(3) उत्तर-पश्चिम (4) दक्षिण-पश्चिम

**Ans.** (2) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **महान सीमा भ्रंश.....में से नहीं गुजरता है।** [वनरक्षक-11.12.2022(S-I)]

(1) कोटा (2) उदयपुर (3) सवाई माधोपुर (4) धौलपुर

**Ans.** (2) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **मालानी आग्नेय शैल-समूह के कारण पनपा हैं?** [वनरक्षक परीक्षा - 2013]

(1) मकराना संगमरमर (2) कोटा स्टोन

(3) सीकर पाइराइट (4) जालौर ग्रेनाइट

**Ans.** (4)

*व्याख्या - मालानी आग्नेय शैल समूह मुख्यतया जालौर एवं सिवाना (बालोतरा) में ग्रेनाइट तथा ज्वालामुखी रायोलाइट्स चट्टानों का निर्माण करते है। ये पहाड़ियाँ 'गुम्बदाकार या इन्सेलबर्ग' के रूप में पाई जाती है। इन शैलों के आधार पर जालोर, सांचौर में ग्रेनाइट उद्योग खूब पनपा हैं।*

❒ **जालौर-सिवाना की पहाड़ियाँ बनी है-** [महिला पर्यवेक्षक परीक्षा (Non-TSP) - 29.11.2015]

(1) अरावली स्लेट (2) पेग्मेटाइट

(3) जालौर ग्रेनाइट तथा रायोलाइट (4) क्वार्टसाइट

**Ans.** (3) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **जालौर ग्रेनाइट से निर्मित पहाड़ियाँ होती है-** [महिला पर्यवेक्षक परीक्षा (Non-TSP) - 29.11.2015]

(1) गुम्बदाकार (2) चौकोर (3) रेखीय (4) कोई नहीं

**Ans.** (1) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **निम्नांकित में से कौनसी आग्नेय चट्टानें जालौर में पाई जाती है?** [CET -4.2.2023 (S- II)]

**1. गेब्रो 2. ग्रेनाइट 3. रायोलाईट 4. बेसाल्ट**

(1) 1 एवं 2 (2) 2 एवं 3

(3) 3 एवं 4 (4) 1 एवं 4

**Ans.** (2) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **मालाणी पहाड़ी स्थित है।** [वनपाल-06.11.2022(S-II)]

(1) पाली-बाड़मेर (2) जालौर-पाली

(3) जालौर-बाड़मेर (4) पाली-जोधपुर

**Ans.** (3) *वर्तमान में जालौर-बालोतरा जिले में।*

❒ **आबू पर्वत क्षेत्र मुख्यत: निर्मित है-** [खाद्य सुरक्षा अधिकारी-25.11.2019]

(1) ग्रेनाइट से (2) बेसाल्ट से

(3) ऑब्सीडियन से (4) बिटुमिनस चट्टानों से

**Ans.** (1)

❒ **सेन्दड़ा स्टेशन के पास चट्टानें आकृति में पाई जाती है-** [महिला पर्यवेक्षक (Non-TSP) - 29.11.2015]

(1) भूसाकार (2) भेपाकार (3) सर्पाकार (4) कोई नहीं

**Ans.** (3)

*व्याख्या-पाली जिले में स्थित सेन्दड़ा स्टेशन के पास सर्पाकार चट्टानों की आकृति में विविधता पाई जाती है।*

❒ **चम्बल बेसिन का विशिष्ट स्थलाकृतिक स्वरूप है-** [Asst. Jailer Exam-15.03.2016]

(1) अरावली की पर्वतपदीय पहाड़ियाँ (2) आन्तरिक अपवाह

(3) चूनाप्रदेश स्थलाकृति (4) उत्खात स्थलाकृति

**Ans.** (4)

*व्याख्या-पूर्वी मैदान के भाग चम्बल बेसिन (धौलपुर, सवाईमाधोपुर) को उत्खात स्थलाकृति (Badland topography) हेतु जाना जाता है। इसकी स्थलाकृतियों में मुख्यत: गार्ज, नदी कगार, जलप्रपात (चूलिया), शिप्रकाएँ, नीकपाइन्ट्स तथा बीहड़ भूमि आदि है।*

❒ **राजस्थान के किस प्रदेश में 'उत्खात-भूमि स्थलाकृति' पायी जाती है?** [ARO (Entomology)-30.08.2022] [Asst. Statistical Officer-08.07.2022] [Lab Assistent (Home Sci.) -30.06.2022]

(1) लूनी बेसिन (2) चम्बल बेसिन

(3) शेखावाटी (4) बांगड़ प्रदेश

**Ans.** (2) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **उत्खात स्थलाकृतिक पाई जाती है-** [Veterinary Officer - 02.08.2020]

(1) झालावाड़ और डूँगरपुर (2) गंगानगर और हनुमानगढ़

(3) घग्घर नदी बेसिन (4) धौलपुर तथा सवाई माधोपुर

**Ans.** (4) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **बाँसवाड़ा व डूँगरपुर के मध्य के भू-भाग को किस नाम से जाना जाता है?** [Police Constable - 2013]

(1) कांठल (2) भाकर (3) गिरवा (4) मेवल

**Ans.** (4)

Scanned with OKEN Scanner

*व्याख्या* -• *मेवल : डूँगरपुर-बाँसवाड़ा का मध्य भाग*
• *वागड़ ( व्याघ्रवाट ) : डूँगरपुर-बाँसवाड़ा का प्राचीन नाम।*

❑ **कौनसा सही सुमेलित नहीं है?** [VDO Mains-09.07.2022]
(1) वागड़=डूँगरपुर-बाँसवाड़ा (2) मेवात=अलवर-भरतपुर
(3) भोमट = प्रतापगढ़-चित्तौड़गढ़
(4) हाड़ौती = कोटा-बूँदी - झालावाड़
**Ans.** (3)

*व्याख्या* - *'भोमट' क्षेत्र में उदयपुर, सलूम्बर, डूँगरपुर, एवं पूर्वी सिरोही जिले का अरावली पर्वतीय क्षेत्र आता है।*

❑ **निम्नलिखित में से किन जिलों का क्षेत्र 'भोमट' कहलाता है?** [वनरक्षक-13.12.2022(S-II)]
(1) डूँगरपुर, उदयपुर और सिरोही
(2) अजमेर, बीकानेर और चूरू
(3) सीकर, चूरू और बाड़मेर
(4) बाड़मेर, जालौर और सीकर
**Ans.** (1) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ **राजस्थान में बागर और मरु ... के नाम है-** [राजस्थान पुलिस-13.5.2022 (S-II)]
(1) जल-निकासी-व्यवस्था (2) भौगोलिक क्षेत्र
(3) सांस्कृतिक क्षेत्र (4) जिलों
**Ans.** (2)

*व्याख्या - राजस्थान में 'मरु' मरुस्थल, 'मेरू' उच्च पर्वतीय प्रदेश, 'माल' पठारी भाग को तथा बागड़ प्रदेश अरावली पर्वत व पश्चिमी मरुस्थल के मध्य भाग को संदर्भित करता है।*

❑ **जुरासिक युग की चट्टानें राजस्थान के किन जिलों में पायी जाती हैं?** [कॉलेज व्याख्याता (सारंगी)-30.5.2019]
(1) जयपुर एवं टोंक (2) बाँसवाड़ा-डूँगरपुर
(3) जैसलमेर-बाड़मेर (4) अजमेर - नागौर
**Ans.** (3)

*व्याख्या - मध्यजीवी महाकल्प (Mesozoic)-*
*जुरासिक युग - 1800 लाख वर्ष। जैसलमेर में जुरासिक काल के 'लाठी श्रेणी' शैल समूह है।*
*महासमूह : बेंडेसर श्रेणी बौमाती श्रेणी बाड़मेर बेसिन जैसलमेर श्रेणी बेसिन दक्कन गंगानगर शेल्फ*

❑ **राजस्थान में सर्वाधिक भूकम्प सम्भावित क्षेत्र कौन-सा है?** [कनिष्ठ अनुदेशक (इलेक्ट्रीशियन) - 24.03.2019]
(1) नागौर-जोधपुर व पाली (2) भरतपुर-अलवर व झुन्झुनूं
(3) जयपुर-दौसा व करौली (4) गंगानगर-हनुमानगढ़ व चूरू
**Ans.** (2)

❑ **सुमेलित कीजिए-** [VDO Mains -09.07.2022]

| | |
|---|---|
| **(A) बरखान** | **(1) आबू पर्वत खंड** |
| **(B) लाठी शृंखला** | **(2) बालू का स्तूप** |
| **(C) इंसेलबर्ग** | **(3) शुष्क झील** |
| **(D) प्लाया** | **(4) भूगर्भिक जलपट्टी** |

| कूट : | (A) | (B) | (C) | (D) | | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | 2 | 4 | 3 | 1 | (2) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (3) | 3 | 4 | 1 | 2 | (4) | 2 | 4 | 1 | 3 |

**Ans.** (4)

❑ **सुमेलित कीजिए-** [Assistant Professor-22.9.2021]

| | |
|---|---|
| **A. मेवाड़ पर्वतीय क्षेत्र** | **1. मुकुन्दरा पहाड़ी** |
| **B. हाड़ौती पठार** | **2. नाली** |
| **C. शेखावाटी पठार** | **3. गिरवा** |
| **D. घग्घर मैदान** | **4. अन्तः प्रवाहित अपवाह** |

| **कूट:** | **A** | **B** | **C** | **D** | | **A** | **B** | **C** | **D** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | 4 | 3 | 2 | 1 | (2) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (3) | 3 | 4 | 2 | 1 | (4) | 2 | 1 | 3 | 4 |

**Ans.** (2)

❑ **कौनसी राजस्थान के मरुस्थल की विशेषता है-** [Asst. Agri. Officer 2015
1. अतिशुष्क दशाएँ 2. तापमान का अतिरेक
3. न्यून औसत वार्षिक वर्षा
4. कम तथा छितरा हुआ वनस्पति आवरण
(1) 1, 2 और 4 (2) 1, 3 और 4
(3) 1, 2 और 3 (4) 1, 2, 3 और 4
**Ans.** (4)

❑ **कथनों पर विचार कर सही उत्तर का चयन नीचे दिये कूट से कीजिए-** [वनरक्षक-12.12.2022(S-I)]
**1. लूनी बेसिन गोडवाड़ प्रदेश के नाम से भी जाना जाता है।**
**2. 'गिरवा' उदयपुर बेसिन की विशिष्ट आकृति है, जो मेवाड़ प्रदेश में है।**
**3. घग्घर का मैदान चूरू जिले में स्थित है।**
(1) 1, 2 और 3 (2) 1 और 2
(3) 2 और 3 (4) 1 और 3
**Ans.** (2) **घग्घर का मैदान - हनुमानगढ़, गंगानगर**

Scanned with OKEN Scanner

❑ निम्नलिखित में से कौनसा सुमेलित नहीं है- [सहायक सांख्यिकी अधिकारी (25.08.2024)]

(1) लूनी बेसिन - नेहड़ (2) घग्घर मैदान-नाली
(3) शेखावाटी प्रदेश-जोहड़
(4) नागौर उच्च भूमियाँ-डोरा पर्वत

**Ans.** (4) *डोरा पर्वत -लूनी बेसिन ( जालौर ) में स्थित है।*

❑ निम्नलिखित में से कौनसा पूर्वी मैदानों का भाग नहीं है- [संगणक-03.03.2024]

(1) कोटा (2) अजमेर (3) बूँदी (4) माउंट आबू

**Ans.** (4)

❑ हाल ही में जैसलमेर के निकट वैज्ञानिकों ने दुनिया का सबसे पुराना शाकाहारी डायनासोर का जीवाश्म ढूँढा है। वह जीवाश्म लगभग कितने वर्ष पुराना है- [Asst. Professor- 7.1.2024]

(1) 17.7 करोड़ वर्ष (2) 16.7 करोड़ वर्ष
(3) 15.7 करोड़ वर्ष (4) 14.7 करोड़ वर्ष

**Ans.** (2)

> ***व्याख्या*** *- जैसलमेर के जेठवाई क्षेत्र में सबसे प्राचीन शाकाहारी डायनासोर थारोसोरस की नई प्रजाति के अवशेष मिले हैं, जो 167 मिलियन वर्ष पुराना है। IIT रूड़की और GSI ने शाकाहारी डायक्रेओसोराइड सोरोपॉड्स डायनासोर के सबसे पुराने जीवाश्म अवशेषों की खोज की है। इसे 'थारोसोरस इंडिकस' नाम दिया गया है।*

❑ सापेक्षिक दृष्टि से राजस्थान के निम्न भू-आकृतिक प्रदेशों का भाग जो अस्पष्ट अधर प्रवाह का क्षेत्र है- [राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-13.06.2024 (II)][RAS -1996]

(1) दक्षिण-पूर्वी (2) उत्तर एवं उत्तर-पश्चिमी
(3) दक्षिण-दक्षिणी पश्चिमी (4) उत्तर-पूर्वी

**Ans.** (1)

> ***व्याख्या*** *- सर्वाधिक नदियों के बहाव क्षेत्र वाला दक्षिणी पूर्वी पठारी प्रदेश भू-आकृति के अस्पष्ट अधर प्रवाह का क्षेत्र है।*

❑ रामायण और भगवत्गीता में 'धनषा' शब्द का संदर्भ.... से है- [राजस्थान पुलिस-13.4.2022 (S-I)]

(1) राजस्थान की पहाड़ियाँ
(2) राजस्थान के मरुस्थलीय भाग
(3) राजस्थान की झीलें (4) राजस्थान की नदियाँ

**Ans.** (2)

> ***व्याख्या***- *'धनषा' शब्द भगवद गीता और रामायण में 'ए डेजर्ट' को सूचीबद्ध किया गया है। रामायण में राजस्थान को 'धुमकुल्य' कहा गया है।*

❑ उत्तर-पूर्वी राजस्थान को 'मेवात' की संज्ञा सर्वप्रथम फारसी लेखक द्वारा दी गई? [कनिष्ठ अनुदेशक -4.1.2025]

(1) बरनी(2) अलबरूनी (3) फैजी(4) मिनहाज उस सिराज

**Ans.** (2)

❑ राजस्थान में अरावली क्षेत्र की विशेषताओं की पहचान है-

**1.** अरावली पर्वत को आड़ावाल पहाड़ भी कहा जाता है।

**2.** अरावली पर्वत शृंखला विश्व की प्राचीनतम पर्वत शृंखला मानी जाती है।

**3.** इसकी ऊँचाई दक्षिण-पश्चिम से उत्तर-पूर्व की ओर बढ़ती है।

**4.** गुरुशिखर अरावली शृंखला की सबसे ऊँची चोटी है। [पशु परिचर-1.12.2024 (S-I)]

(1) 1, 2, 3, 4 (2) 1, 2, 4
(3) 1, 2, 3 (4) 1, 3, 4

**Ans.** (2)

❑ राजस्थान के भौतिक स्वरूप के सम्बन्ध में कौन-सा/कौन-से कथन सत्य हैं? [ग्राम सेवक 18.12.16]

1. हाड़ौती पठार पश्चिमोत्तर में मुख्य सीमा भ्रंश द्वारा सीमांकित है। 2. पश्चिमी रेतीले मैदान का 41.50% क्षेत्र बालुकास्तूप मुक्त प्रदेश है। 3. संरचनात्मक दृष्टि से राजस्थान के भौतिक स्वरूप भारत के उत्तरी बृहत् मैदान और प्रायद्वीपीय पठार का हिस्सा है। 4. अरावली वर्तमान में अवशिष्ट पर्वतों के रूप में उपलब्ध है।

कूट: (1) 1, 2, 3 (2) 1, 3 (3) 2, 3, 4 (4) केवल 3

**Ans.** (3)

> ***व्याख्या*** *- महान सीमा भ्रंश हाड़ौती एवं अरावली के मध्य स्थित है। इसका विस्तार बूँदी, सवाई माधोपुर, करौली, धौलपुर एवं चित्तौड़गढ़ में है। यह पठारी भाग उत्तर - पश्चिम में अरावली के महान सीमा भ्रंश द्वारा तथा दक्षिण पूर्व में मेवाड़ के मैदान द्वारा सीमांकित है।*

❑ महान सीमा भ्रंश राजस्थान के किस जिले से नहीं गुजरता? [ARO (Agronomy/Agriculture) -29.08.2022]

(1) कोटा (2) चित्तौड़गढ़(3) सवाई माधोपुर (4) भीलवाड़ा

**Ans.** (4) ***व्याख्या*** *- उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

Scanned with OKEN Scanner

## 4. पर्वत-पठार

❑ राजस्थान में सबसे ऊँचा पर्वत शिखर किस जिले में है? [Police Constable Exam-2007(I)]
(1) जालौर (2) नागौर (3) सिरोही (4) चूरू
Ans. (3)

व्याख्या - दक्षिणी अरावली के सिरोही जिले में स्थित गुरु शिखर ( माउंट आबू ) राज्य का सबसे ऊँचा पर्वत शिखर है जिसे जेम्स टॉड ने 'सन्तों का शिखर' कहा है। जिसकी ऊँचाई 1722 मीटर है।

❑ संतों का शिखर से सम्बन्धित है?
[महिला पर्यवेक्षक परीक्षा (Non-TSP) - 29.11.2015]
(1) गुरु शिखर (2) तारागढ़
(3) खोले के हनुमान (4) नाग पहाड़
Ans. (1) व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❑ अरावली पर्वत श्रृंखला की सबसे ऊँची 'गुरु शिखर' राजस्थान में .... के पास स्थित है।
[राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-15.05.2022 (II)]
(1) बीकानेर (2) जोधपुर (3) पाली (4) माउंट आबू
Ans. (4) व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❑ अरावली पर्वत शिखर का ऊँचा शिखर कौनसा है?
[III Grade (L-I) -25.2.2023] [संगणक परीक्षा - 05.05.2018] [कनिष्ठ अनुदेशक -4.1.2025][CET (10+2) : 24.10.2024 (S-I)] [CET-G (S-I) - 27.09.2024] [Police Constable -2007(II)]
(1) गुरुशिखर (2) सेर (3) रिगढ़ (4) जरगा
Ans. (1) व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❑ 'गुरु शिखर' निम्न में से किस पर्वत श्रृंखला का उच्चतम शिखर है? [Lab Assistent (Science) -28.06.2022]
(1) शिवालिक (2) सतपुडा (3) नीलगिरी (4) अरावली
Ans. (4) व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❑ गुरुशिखर पर्वत चोटी अरावली के किस प्रदेश का भाग है? [उद्योग प्रसार अधिकारी-22.08.2018]
(1) उत्तरी (2) मध्य (3) पूर्वी (4) दक्षिणी
Ans. (4) व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❑ गलत युग्म की पहचान करें-[कॉन्स्टेबल-14.7.2018 (II)]
(1) सिरोही -अचलगढ़ चोटी (2) अजमेर-तारागढ़ चोटी
(3) जयपुर - खो चोटी (4) सीकर - गुरुशिखर चोटी
Ans. (4) व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❑ गुरुशिखर की ऊँचाई है?[जेल प्रहरी 28-10-18, Shift -III]
[महिला पर्यवेक्षक परीक्षा (Non-TSP) - 29.11.2015]
(1) 1200 मी.(2) 1760 मी.(3) 1550 मी.(4)1727 मी.
Ans. (4)

व्याख्या - गुरु शिखर की ऊँचाई 1722 मी. (5650 फीट) है किन्तु चोटी के ऊपर दत्तात्रेय ऋषि का 5 मीटर ऊँचा मंदिर बना हुआ है जिसे जोड़ने के बाद गुरु शिखर की ऊँचाई 1727 मीटर हो जाती है।

❑ राजस्थान में गुरु शिखर चोटी ( माउन्ट आबू ) की ऊँचाई कितनी है? [II Grade (English & Urdu)-2011] [RAS Pre. Exam-2009 ][राज.पुलिस कॉन्स्टेबल-15.05.2022 (I)]
(1)1722 मी.(2)1724 मी.(3)1750 मी.(4) 1780 मी.
Ans. (1) व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❑ राजस्थान के अरबुड़ा पर्वत के एक शिखर, गुरु शिखर का नामकरण किसके नाम पर किया गया है- [राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-08.11.2020 (II)]
(1) चन्द्र देव (2) ऋषि दुर्वासा (3) दत्तात्रेय (4) अनुसूया
Ans. (3) व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❑ राजस्थान के किस जिले में जरगा पर्वत है-
[RPSC II Grade Teacher Exam-2011]
(1) सिरोही (2) उदयपुर (3) अलवर (4) जयपुर
Ans. (2)

व्याख्या - उदयपुर - राजसमंद में स्थित जरगा राज्य का चौथा सबसे ऊँचा पर्वत शिखर है। जिसकी ऊँचाई 1431 मीटर है।

❑ इनमें से अरावली का कौन-सा शिखर सर्वोच्च ( सबसे ऊँचा ) है- [Stenographer Exam : 30.05. 2013]
(1) अचलगढ़ (2) जरगा (3) रघुनाथगढ़ (4) तारागढ़
Ans. (2) व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❑ सुमेलित कीजिए-[II Grade GK ( संस्कृतशिक्षा)-19.2.2019]

| सूची - I ( प्रदेश ) | सूची- II ( पर्वत चोटी) |
|---|---|
| (A) उत्तरी अरावली | (1) ऋषिकेश |
| (B) मध्य अरावली | (2) तारागढ़ |
| (C) दक्षिण अरावली | (3) भानगढ़ |

| कूट : | A | B | C | | A | B | C |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | 1 | 2 | 3 | (2) | 3 | 2 | 1 |
| (3) | 3 | 1 | 2 | (4) | 2 | 3 | 1 |

Ans. (2)

Scanned with OKEN Scanner

| ब्याख्या - दक्षिणी अरावली की चोटियाँ | | |
|---|---|---|
| **चोटी का नाम** | **जिला** | **ऊँचाई ( मीटर में )** |
